तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



सिटी कोतवाली चौक पर लगा रहा जाम। लोग होते रहे परेशान।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाया गया

बिलासपुर। कृषि विज्ञान केंद्र में 'राष्ट्रीय महिला किसान दिवस'का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ गीत शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के विशेष सहयोग से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से 50 से 60 प्रगतिशील महिला कृषकों एवं प्रशिक्षणार्थी महिलाओं ने केंद्र में उपस्थित होकर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गीत शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पा कौशिक मोदी द्वारा किया गया। ज्ञापन डॉ एकता ताम्रकार ने प्रस्तुत किया।

ओपन यूनिवर्सिटी का दीक्षात समारोह नवंबर में

बिलासपुर। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर का सातवां दीक्षांत समारोह 3 नवंबर मंगलवार को यूनिवर्सिटी मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से दीक्षांत समारोह के आयोजन की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नई दिल्ली के चेयरमेन नागेश्वर राव व दीक्षांत वक्ता के रूप में हरियाणा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. कैलाशचन्द्र शर्मा शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह यूनिवर्सिटी के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर होगा, जिसमें यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उपलब्धियों, विद्यार्थियों की सफलता और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा।

सहायिका भर्ती के लिए दावा आपत्ति 23 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम उमरिया केंद्र क्र. 1 में आंबा. कार्यकर्ता, ग्राम पत्थरखान केंद्र क्र. 2 में आंबा. सहायिका एवं ग्राम कड़ार केंद्र क्र. 1 में आंबा सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों के जांच के उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। दावा आपत्ति स्वयं सप्रमाण 23 अक्टूबर तक ई-भर्ती ऑनलाइन लिंक में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सीएसआर के 24 लाख से जलेगा रावण, निगम सिर्फ एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपापार क्षेत्र में पहली बार नगर निगम की ओर से दशहरा उत्सव का आयोजन करने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। नगर निगम की ओर से कहा गया कि इसमें 24 लाख रुपए खर्च होंगे लेकिन इस राशि का भुगतान निगम की ओर से नहीं किया जाएगा। इस राशि की व्यवस्था सीएसआर मद से की जा रही है। निगम की ओर से टेंडर जरूर जारी किया गया है।



निगम इसमें क्रियाव्यन एजेंसी जरूर रहेगी। इसके साथ ही पुलिस ग्राउंड सहित करीब 10 से अधिक जगहों पर 60-70 फीट के रावण दहन का आयोजन होगा, जिसमें जमकर आतिशबाजी होगी। पुलिस मैदान में 65 फिट का रावण दहन होगा। पूरे आयोजन में 10 लाख रुपए खर्च होंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे से होगा। इधर साइंस कॉलेज मैदान में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। अरपापार को अलग नगर निगम बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। ऐसे में निगम का यह पहला दशहरा आयोजन क्षेत्र के लिए खास माना जा रहा है। आयोजन के लिए जोन कार्यालय से 28 सितंबर को टेंडर जारी किया गया था, लेकिन टेंडर में कुछ त्रुटियां सामने आने के बाद उसे निरस्त कर दिया गया। इसके अगले दिन 29 सितंबर को संशोधित टेंडर दोबारा जारी किया गया। पहले टेंडर को निरस्त किए जाने की सूचना के संबंध में समाचार पत्र में इश्तिहार भी प्रकाशित कराया गया है। अब 12 अक्टूबर तक टेंडर मंगाए गए हैं। टेंडर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था, कुर्सी-टेबल और मंच सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए 9.96 लाख रुपए का प्रावधान है। आतिशबाजी पर 5 लाख, लाइट और साउंड व्यवस्था पर 7 लाख व रावण के पुतले के निर्माण पर 2 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

साइंस कॉलेज मैदान में 80 फीट के रावण का होगा दहन

उत्सव के साथ ही राजनैतिक अखाड़ा

अरपापार क्षेत्र को अलग नगर निगम बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। क्षेत्र में पहली बार सरकारी स्तर पर दशहरा उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। अब तक बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए शहर के दूसरे हिस्सों पर निर्भर रहने वाले इस क्षेत्र में निगम सीधे आयोजन कर रहा है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल दशहरा उत्सव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अरपापार क्षेत्र में निगम की गतिविधियों और सार्वजनिक आयोजनों के विस्तार के तौर पर भी देखा जा रहा है।

टेंडर के प्रावधानों और शर्तों में सुधार

इस तरह आयोजन की इन प्रमुख व्यवस्थाओं पर कुल 23.96 लाख रुपए खर्च होंगे। पिछले टेंडर की तुलना में इस बार कुछ प्रावधानों और शर्तों में सुधार किया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित एजेंसी को आयोजन की अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी जाएगी। दशहरा उत्सव में क्षेत्र के लोगों की भागीदारी को देखते हुए निगम स्तर पर पहली बार यहां बड़े आयोजन की तैयारी की जा रही है। हालांकि कांग्रेसियों ने इस पर आपत्ति जताई है।

निगम का बजट नहीं

अरपा पार साइंस कालेज मैदान में जो रावण दहन का कार्यक्रम हो रहा है उसमें निगम की ओर से कोई राशि खर्च नहीं की जा रही है। सीएसआर मद से पूरा खर्चा हो रहा है। निगम उसमें सिर्फ क्रियान्वयन एजेंसी है, इसलिए निगम की ओर से टेंडर किया गया है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त, नगर निगम

दशरंगपुर में भीषण दुर्घटना से पसरा मातम

विधायक मोहले के भाई समेत तीन ग्रामीणों की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/जरहागांव

दशरंगपुर में गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। सुबह की सैर पर निकले तीन ग्रामीण तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में पूर्व खाद्य मंत्री, विधायक पुन्नूलाल मोहले के भाई समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

- बरेला से गीधा तक सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना थाना क्षेत्र से महज एक-दो किलोमीटर की दूरी पर हुई। मुख्य मार्ग पर हुए इस हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। घटनास्थल से लेकर आसपास के मार्गों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब छह बजे ग्राम दशरंगपुर निवासी अधीन मोहले, पिता दुखीराम मोहले, निवासी आवासपारा दशरंगपुर, बबलू बघेल, पिता तिजाऊ राम बघेल तथा ग्राम रेहटा के भांठापारा निवासी गंगाराम सुबह की सैर पर निकले थे। वे आपस में गपशप करते सड़क किनारे बैठे हुए थे, इसी दौरान बिलासपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक आए वाहन की टक्कर इतनी गंभीर थी कि वे बुरी तरह घायल हो गए। सुबह के समय हुई इस दुर्घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद वाहन चालक घायलों की मदद करने के बजाय वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

सुबह सैर पर निकले तीन ग्रामीणों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचला



अज्ञात वाहन चालक पर जुर्म

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई जिला अस्पताल में की गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। अब जांच में सीसीटीवी फुटेज महत्वपूर्ण सुराग साबित हो सकता है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फुटेज में दिखाई दे रहा टाटा मैजिक वाहन दुर्घटना से संबंधित है या नहीं। जांच के निष्कर्षों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कर रही जांच

सीसीटीवी फुटेज में घटना के समय के अंतराल में एक टाटा मैजिक वाहन गुजरता हुआ दिखाई दिया है। उक्त वाहन के फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई है। इसके लिए पुलिस टीम सघन जांच कर रही है।

-दिव्यकांत पांडे, थाना प्रभारी, जरहागांव।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

तीन ग्रामीणों की मौत के बाद पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और फरार वाहन की पहचान के लिए जांच तेज कर दी। पुलिस टीम ने बरेला से गीधा तक के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान दुर्घटना के समय के अंतराल में एक टाटा मैजिक श्रेणी का छोटा हाथी वाहन उस मार्ग से गुजरता दिखाई दिया है। सीसीटीवी फुटेज में सामने आए इस सुराग के आधार पर पुलिस वाहन की पहचान और उसके चालक तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि, फुटेज में वाहन का दिखाई देना मात्र उसकी दुर्घटना में संलिप्तता की अंतिम पुष्टि नहीं है। पुलिस साक्ष्यों का परीक्षण कर मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। फरार चालक तक पहुंचने के लिए संभावित वाहन की पतासाजी की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि मामले का जल्द खुलासा कर संबंधित आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

परिजन पर टूटा दुखों का पहाड़

सुबह की सैर पर निकले तीन ग्रामीणों की एक साथ मौत की खबर से दशरंगपुर और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। रोजमर्रा की दिनचर्या के बीच हुई इस अप्रत्याशित घटना ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतकों में अधीन मोहले का नाम सामने आने के बाद घटना को लेकर क्षेत्र में शोक और बढ़ गया। परिजनों के लिए यह क्षति अपूरणीय है। जिस सुबह की शुरुआत सामान्य दिनचर्या के साथ हुई थी, वही सुबह उनके जीवन में कभी न भूलने वाला दुख छोड़ गई।स्थानीय स्तर पर यह जानकारी भी सामने आई कि घायलों ने कुछ समय तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि होना शेष है। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

डीपी विप्र कालेज में ही इस बार प्रवेश लेंगे स्वाध्यायी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीपी विप्र कालेज ने आटोनामस होने के कारण अपने यहां के 300 से अधिक स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं को प्राईवेट परीक्षार्थी के रूप में प्रवेश देने से मना कर दिया था, जिससे उन 300 विद्यार्थियों के समक्ष समस्या खड़ी हो गई थी कि प्रवेश लेने आखिर कहां जाएं। इस मामले में अटल यूनिवर्सिटी ने हस्तक्षेप करते हुए डीपी विप्र कालेज को प्रवेश देने कहा और अब वे स्वाध्यायी विद्यार्थी डीपी कालेज में ही प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे।

- तीसरे व पांचवे सेमेस्टर के 300 से अधिक प्राईवेट छात्र-छात्राओं का मामला

अटल यूनिवर्सिटी ने कालेज प्रबंधन से बात करके कहा है कि स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में नया प्रवेश नहीं देना है, किन्तु पहले से जो पढ़ाई कर रहे हैं उनकी पढ़ाई कालेज पूरी कराए। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने डीपी कालेज का प्रवेश पोर्टल भी ओपन कर दिया है ताकि स्वाध्यायी विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश ले सकें। डीपी विप्र कालेज के 300 से अधिक स्वाध्यायी विद्यार्थियों का प्रवेश का मामला उलझकर रह गया था। ये सभी स्वाध्यायी विद्यार्थी पिछले शिक्षा सत्र में डीपी विप्र कालेज में प्राईवेट विद्यार्थी के रूप में रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश लिए थे। उस समय डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा नहीं मिल पाया था, इसलिए कालेज ने इन छात्र-छात्राओं का प्रवेश ले लिया था और उनका परीक्षा भी हुआ तथा रिजल्ट भी आ गया है। इसी बीच डीपी कालेज को यूनिवर्सिटी से आटोनामस का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना जारी हो गई और कालेज को आटोनामस का दर्जा मिल गया। आटोनामस कालेज होने के नाते डीपी कालेज में अब स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए परीक्षा सेंटर नहीं बनाया जाएगा। इसलिए कालेज प्रबंधन ने अपने यहां के स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं को इस सत्र प्रवेश देने से मना कर दिया था। ऐसे प्राईवेट विद्यार्थियों की संख्या 500 से अधिक हैं, जिनके समक्ष इस सत्र प्रवेश लेने की समस्या खड़ी हो गई। ये स्वाध्यायी विद्यार्थी डीपी कालेज और यूनिवर्सिटी के चक्कर काट रहे थे।

कई स्वाध्यायी विद्यार्थियों का एटीकेटी

डीपी विप्र कालेज के जिन प्राईवेट विद्यार्थियों के प्रवेश का मामला उलझा था, उनमें से कुछ का एटीकेटी, पूरक आया है और उनका सेमेस्टर क्लियर नहीं हो पाया है। वहीं फर्स्ट ईयर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश लेना है और सेकंड ईयर वालों को पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश होना है।

फर्स्ट ईयर में नया स्वाध्यायी प्रवेश नहीं

डीपी विप्र कालेज के 300 से अधिक स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रवेश का मामला था। आटोनामस होने के कारण डीपी कालेज ने इस बार उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया था, चूंकि ये सभी कालेज के पुराने छात्र हैं इसलिए कालेज से चर्चा कर उन्हें प्रवेश देने कहा गया है ताकि उन स्वाध्यायी विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी हो सकें। कालेज द्वारा फर्स्ट ईयर में नया स्वाध्यायी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

-शरद देवांगन
परीक्षा नियंत्रक, एयू

228 अस्थायी पटाखा दुकानें लगेंगी

नई दुकानों के लिए आए सभी आवेदन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में लगने वाले अस्थायी पटाखा बाजार में दुकान लगाने इस साल 228 व्यापारियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। ये सभी आवेदन उन व्यापारियों के हैं, जिन्होंने बीते वर्ष भी अपनी दुकानें लगाई थीं व इस साल नवीनीकरण कराना चाहते हैं। नई या पहली बार दुकान लगाने की गरज से प्रस्तुत किए गए सारे आवेदन स्थान की कमी के कारण निरस्त कर दिए गए हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा साइंस कॉलेज मैदान या रिवर व्यू में पटाखा बाजार स्थापित करने के संकेत दिए गए हैं।



- रिवर व्यू या साइंस कॉलेज मैदान में लग सकता है पटाखा बाजार
- स्थान को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं

दीवाली त्योहार को अब एक महीने से भी कम समय शेष रह गया हैं। ऐसे में पटाखा बाजार के लिए आवेदनों के नवीनीकरण एवं स्थल चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बीते साल अस्थायी पटाखा बाजार में 228 दुकानें लगाई गई थीं व उन्हीं व्यापारियों के द्वारा इस साल के लिए भी नवीनीकरण के आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। अस्थायी पटाखा दुकान में दुकानदारी प्रारंभ करने वाले नए व्यापारियों के सारे आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार अस्थायी पटाखा बाजार में 228 दुकानों की संख्या पर्याप्त है, जिससे दुकानों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं की जा सकती। ऐसे में नई दुकानों के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती। नगर निगम प्रशासन द्वारा अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए साइंस कॉलेज मैदान या रिवर व्यू का संभावित चयन किया गया है। स्थल को लेकर अभी फिलहाल अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। बीते साल शहर के भीतर संजय तरण पुष्कर के बाजू में स्थित मैदान एवं रेलवे परिक्षेत्र में तोरवा थाना के बाजू में अस्थायी पटाखा बाजार लगाया गया था। दोनों जगहों को मिलाकर कुल 228 व्यापारियों ने दुकानें लगाई थीं। इस साल भी उन्हीं 228 दुकानदारों को ही नवीनीकरण आदेश जारी किया जाएगा।



New Generation®
THE COMPLETE FAMILY STORE
Raipur | Bilaspur
presents
The Shadi Show
WEDDING COLLECTION
16 TO 25 OCT, 2026
Concept & Creative By: AdPRAYAS
Book Your Appointment or Create Your Wedding Checklist.
सगाई से विदाई तक
@NEWGENERATION.SHOP_
Scan to Follow Us
MEN, WOMEN AND KIDS | ETHNIC, CASUAL AND PARTY WEAR
Bilaspur: Phil Group Tower, CMD Chowk | Call: +91 8889013100
Raipur: Gate No.4, New Cloth Market Pandri | Call: +91 8889013777

खबर संक्षेप

बिलासपुर प्रेस क्लब का 41 वां स्थापना दिवस मनाया गया



बिलासपुर। बिलासपुर प्रेस क्लब का 41वां स्थापना दिवस राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित प्रेस क्लब में मनाया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय कांति तिवारी, पूर्व अध्यक्ष तिलक राज सलूजा एवं वीरेंद्र गहवई की उपस्थिति में केक काटा गया। समारोह में संस्था के इतिहास, शुरुआती संघर्षों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि 1980 के दशक में बिलासपुर टाइम्स के संपादक स्व. गंगा ठाकुर जैसे वरिष्ठों के मार्गदर्शन में वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन से एकजुटता की नींव पड़ी थी, जिसने आगे चलकर प्रेस क्लब का रूप लिया। प्रथम अध्यक्ष स्व.डीपी चौबे के योगदान का स्मरण करते हुए बताया गया कि उन्होंने अपनी विवेकपूर्ण कार्यशैली से संस्था को आकार दिया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब में लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली की शुरुआत के संघर्ष को भी रेखांकित किया गया, जहां सर्वसम्मति और नामांकन की व्यवस्था को बदलकर पारदर्शी मतदान प्रणाली अपनाई गई थी। अध्यक्ष अजीत मिश्रा और अन्य वरिष्ठ वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक मजबूती संसाधनों से अधिक सदस्यों की एकजुटता, आपसी विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों पर निर्भर करती है। कार्यक्रम में सहसचिव हरिकिशन गंगवानी, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव, मो. इसराइल, रवि शुक्ला, जितेंद्र रात्रे, सैयद जफर आगा, तीरथ लहरे, अनिरुद्ध राजपूत आदि मौजूद थे।

अब्दुल कलाम की जयंती पर डीएलएस कालेज में व्याख्यान



बिलासपुर। डीएलएस महाविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान तथा शिक्षा और अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन कठिन परिश्रम, अनुशासन, सादगी और दृढ़ संकल्प का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक सोच विकसित करने, निरंतर अध्ययन करने तथा अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र की प्रगति में करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वर्षा श्रीवास, सुश्री महिमा जाधव, सीईओ राकेश दीक्षित, डॉ. सुनीता द्विवेदी आदि मौजूद थे।

नवगठित जिला सैनिक बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न



बिलासपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में नवगठित ज़िला सैनिक बोर्ड की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति कलेक्टर की संवेदनशीलता और उनकी समस्याओं को समझने की तत्परता सराहनीय रही। उनके मार्गदर्शन ने चर्चा को सार्थक दिशा दी। बैठक में समिति के अध्यक्ष कर्नल आशीष पांडे, विंग कमांडर ए. के. दुबे, एनसीसी के सीईओ कर्नल नायडू, कृपाल सिंह चावला, सीएमडी कॉलेज के कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे और श्रीमती वीना अग्रवाल सहित बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में पेंशनर्स कल्याण मंडल का गठन करने का निर्णय



बिलासपुर। संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि की अध्यक्षता में इंद्रावती भवन रायपुर में गुरुवार को पेंशनर संगठनों की बैठक हुई। इसमें पेंशनर्स कल्याण मंडल का शीघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया। जिससे पेंशनरों की समस्याओं को निराकरण करने में आसानी होगी। पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के संबंध में भी प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। पेंशन एवं परिवार पेंशनरों के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। पेंशनरों का पीपीओ अब ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा तथा पेंशनरों के शिकायत एवं संवाद के लिए प्रभावशाली व्यवस्था कायम करते हुए संभाग स्तर पर परामर्शदात्री समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। संचालक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव, उमेश मुदलियार ,जेपी उपाध्याय एवं वीरेंद्र नामदेव ,सुंदर सिंह ठाकुर, आर के थवाइत आदि मौजूद थे।

लग रही कतार सिम्स में पैथोलॉजी लैब रिपोर्ट के लिए सुबह से लगती है लाइन

लाखों की मशीन व पर्याप्त स्टॉफ, फिर भी एक दिन में नहीं मिल रही रिपोर्ट

बिलासपुर। सिम्स में लाखों रूपए की जांच मशीनें और पर्याप्त स्टाफ मौजूद है, लेकिन लगातार बढ़ रहे मरीजों के दबाव के कारण रिपोर्ट मिलने में देरी हो रही है, यही कारण है कि अस्पताल में इलाज के बदले रिपोर्ट लेने के लिए सुबह से ही लाइन लगानी पड़ रही है। रिपोर्ट के लिए दूरदराज से आए मरीजों को दो दिनों तक सिम्स में चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



सिम्स अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है। जहां पैथोलैब, माइक्रोबायोलॉजी और हेस्टोपैथो लैब जैसे अत्याधुनिक लैब बनाए गए है। यहां रोजाना 1500 से अधिक मरीजों का सैंपल जब्त किया जाता है। इन सैंपलों को अलग-अलग लैब से जांचने की जरूरत पड़ती है, ऐसे में समय पर परिजनों को लैब रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। दरअसल मरीजों को रिपोर्ट देने से पहले अलग अलग विभागों से रिपोर्ट लेने की आवश्यकता पड़ती है, इसके बाद ही कर्मचारियों के द्वारा रिपोर्ट दी जा सकती है। ऐसे में मरीजों को ओपीडी के समय पर रिपोर्ट मिलना मुश्किल हो जाता है, यही कारण है कि मरीजों को दोबारा सिम्स पहुंचकर महज रिपोर्ट लेने के लिए लाइन में लगना पड़ता है, कमोबेश यह रोज का हाल हो चुका है। इस दौरान दूरदराज से आए मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

2 बजे बंद हो जाती है ओपीडी

खास बात यह है कि सिम्स में इलाज कराना आसान है लेकिन समय पर लैब रिपोर्ट मिलना मुश्किल है। पैथोलैब के साथ रेडियोलॉजी विभाग में भी एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई और अन्य जांच की रिपोर्ट 2 से 3 दिन बाद ही मिलती है। साथ ही सिम्स में ओपीडी का समय सुबह 9 से 2 बजे तक ही रहता है, इसके बाद रिपोर्ट मिलने के बाद भी उसे डाक्टरों को नहीं दिखाया जा सकता है। कहा जा सकता है कि रिपोर्ट के लिए मरीजों को चक्कर लगाया जा रहा है। इस दौरान बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को बार-बार सिम्स अस्पताल पहुंचना भी पड़ता है।

कंस्ट्रक्शन और जमीन की लागत ली जाएगी, एमआईसी में प्रस्ताव पेश होगा आज

इमलीपारा की दुकानों की कीमत करोड़ तक, वर्गफीट के हिसाब से तय होगा रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि 46 दुकानें अभी भी खाली हैं। यहीं नहीं जिन व्यापारियों ने दुकान खरीद भी ली है वे इस काम्प्लेक्स में शिफ्ट भी नहीं हो पा रहे हैं। निगम ने किराया नहीं पटाने का हवाला देते हुए ऐसे 20 व्यापारियों का आबंटन निरस्त करते हुए नए सिरे से आबंटन की प्रक्रिया शुरू की है इसके साथ ही निगम ने इन दुकानों की कीमत भी वर्गफीट के हिसाब से तय कर दिया है। निगम के मुताबिक कंस्ट्रक्शन और जमीन के बाजार मूल्य के हिसाब से रेट तय किया गया है। जाहिर है ऐसे में एक दुकान की कीमत करोड़ रुपए तक पहुंच रही है। ऐसे में व्यापारियों द्वारा कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने दो साल पहले व्यवस्थापन के नाम पर हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। शुक्रवार को होने वाली एमआईसी में दुकानों के आंबटन और व्यवस्थान का मामला भी रखा गया है।

- व्यापारियों ने किया सवाल, जिन गरीब दुकानदारों को हटाया गया वे कैसे ले पाएंग



अब नियम कायदे बता रहा निगम

इधर व्यापारियों का कहना है कि निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन हो चुका है तो तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गईं है। इधर हटाए गए दुकानदार पिछले दो साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित करने की बात थी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। इसके साथ ही निगम ने नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर व्यापारियों को दुकानें देने का फैसला देने की बात जरूर कही है लेकिन प्रीमियम और किराया राशि में कोई छूट नहीं दी जा रही है।

पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई थी। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलना था। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलना था लेकिन अधिकांश दुकानदारों ने शिफ्टिंग ही नहीं की। अब नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर फिर से दुकान आबंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।जिन दुकानदारों को हटाया गया था उन्हें दुकानें दीं जा रहीं है लेकिन कीमत इतनी अधिक रखी गई है कि छोटे कारोबारी इसे नहीं ले पाएंगे।

ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों की मांग

ध्यान रहे कि निगम ने जब पहले चरण में दुकानों का आबंटन किया तो 22 में से 17 व्यापारियों ने ना तो प्रीमियम राशि जमा की और ना ही मेंटेनेंस खर्चा जमा किया। कुल मिलाकर 5 लोगों ने ही राशि जमा की है। इस तरह 46 दुकानें खाली हो गईं हैं। महापौर से मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है। अधिकांश व्यापारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों की मांग की है। इनका कहना है कि रिटेल व्यापार सेकेंड या थर्ड फ्लोर पर चल नहीं पाएगा।

एमआईसी में रखेंगे प्रस्ताव

कंस्ट्रक्शन और जमीन की लागत के हिसाब से रेट तय किया गया है। दुकानों के आबंटन और किराया तय करने का प्रस्ताव एमआईसी में शुक्रवार को रखा जाएगा।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम

उच्च शिक्षा आयुक्त की अगुवाई में जुटे प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव ने गुरुवार को शासकी बिलासा गर्ल्स कालेज, हास्टल का निरीक्षण किया। उच्च शिक्षा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग की ओर से अनुसूचित जनजाति क्षेत्र की महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा में संप्रेषण कौशल के विकास के उद्देश्य से आयोजित संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

इस कार्यक्रम में 25 कालेजों के प्राचार्य सहित 47 प्राध्यापक व प्रतिभागी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव ने अंग्रेजी भाषा में संवाद के लिए विद्यार्थियों को सक्षम बनाने पर जोर दिया। कालेज के प्राचार्य एवं बिलासपुर संभाग के क्षेत्रीय अपर संचालक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बिलासपुर संभाग के नोडल अधिकारी डॉ. बीके पटेल ने प्रशिक्षण की उपयोगिता की जानकारी दी। उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव ने कहा कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि होना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी छात्रहित में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों में अंग्रेजी में संवाद करने के लिए सक्षम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. एमएस गुप्ता एवं रूसा ने बताया कि छात्राओं के अंग्रेजी संप्रेषण कौशल को विकसित करने के लिए 90 दिवसीय पाठ्यक्रम की अनुशंसा की गई है। इस अवसर पर डॉ. बीआर चौधरी डॉ. सूसन उदय, जामिनी कुसरो, डॉ. नंदिनी तिवारी, डॉ. शुभदा रहालकर, डॉ. सावित्री त्रिपाठी, डॉ. रूबी मिल्हौत्रा, डॉ. आरके सचदेव, प्रो. आरएन पटेल, डॉ. डीके श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम से वंचित न हो: अमर

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बिलासपुर के पदाधिकारियों की बैठक पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय में ली। बैठक में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विधायक अमर अग्रवाल ने पार्टी पदाधिकारियों को एसआईआर की प्रक्रिया उसके महत्व तथा संगठनात्मक स्तर पर निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

इस बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है। एसआईआर की प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची में आवश्यक सुधार, पात्र मतदाताओं के नामों का समावेश तथा त्रुटियों के निराकरण पर ध्यान दिया जाता है। इस कार्य में सभी संबंधित पक्षों की जागरूकता और जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर आम नागरिकों को जागरूक करें। पात्र मतदाताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा यह सुनिश्चित करने में सहयोग करें कि कोई भी पात्र नागरिक जानकारी के अभाव में



मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या उसमें सुधार कराने से वंचित न रहे। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, अपने क्षेत्रों की स्थिति पर ध्यान दें और एसआईआर से संबंधित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर किशोर राय, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, रमेश लालवानी, राजेश मिश्रा, प्रबीर सेन गुप्ता, चंद्रप्रकाश मिश्रा, जुगल अग्रवाल, योगेश बोले, शेखर पाल, संदीप दास, पंकज तिवारी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र पाठक, मनोज सोनी, एस.श्रीनिवास राव, वैभव गुप्ता, नारायण गोस्वामी, जगदीश साव, आशुतोष शर्मा, मनीष गुप्ता, निरजा सिन्हा, दीपक साहू, महर्षि बाजपेयी, अमर सिंह, देवाशीष दत्ता, अमन सोनी आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य कल्याण संघ ने की जांच दल गठित करने की मांग

बिलासपुर। प्राचार्य कल्याण संघ ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मल्हार के प्राचार्य पर कार्रवाई नहीं करने एवं वरिष्ठ प्राचार्यों का दल गठित कर मामले की जांच की मांग की है। संघ ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों के विरुद्ध शिकायत की है।

इस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई भी की गई है। समाचार पत्र के अनुसार विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा पुनः कलेक्टोरेट पहुंचकर प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों पर फिर कार्रवाई करने की मांग की गई। प्राचार्य के आवेदन के आधार पर वह नवंबर 2025 में विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं। प्राचार्य के इस प्रयास पर कुछ व्याख्याता कर्मचारी सहयोग नहीं कर रहे हैं और छात्रों को उकसाकर प्राचार्य के विरुद्ध दबाव बनाया जा रहा है। प्राचार्य के अनुसार इस घटनाक्रम के पीछे विद्यालय के कुछ व्याख्याता है जिन्हें अनुशासन एवं व्यवस्थित वातावरण से परेशानी हो रही है उन व्यख्याताओं द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राचार्य के विरुद्ध इस विषय पर भड़काया गया। इस विषय पर निस्वार्थ जांच की मांग प्राचार्य कल्याण संघ के द्वारा की जाती है। विद्यार्थियों के शिकायत एवं मांग के आधार पर विद्यालय के प्राचार्य पर कार्रवाई नहीं करने एवं जिला शिक्षा अधिकारी 10 वरिष्ट प्राचार्यो का दल गठित कर विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच जाकर उनका काउंसिलिंग कराने प्राचार्य मंच द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

डॉक्टर को जमीन बेचने के बाद बेटी के नाम कराई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉक्टर को जमीन बेचने के बाद विक्रेता ने उक्त जमीन अपनी बेटी के नाम पर रजिस्ट्री कर दी। पुलिस ने पिता-पुत्री के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करलिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तेलीपारा अजीत होटल के पीछे निवासी डॉ. अनिता अग्रवाल (पति प्रवीण गोएनका, उम्र 50 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिरगिट्टी निवासी मंगल सिंह ने वर्ष 2020-21 में सिरगिट्टी स्थित अपनी 1858 वर्गफीट जमीन डॉ. अग्रवाल को बेची थी। डॉ. अग्रवाल चिकित्सीय कार्य में व्यस्त थीं, जिस कारण मंगल सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया था कि वह नामांतरण की प्रक्रिया स्वयं करा देगा। वर्तमान में जब उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड की जांच की, तो वह जमीन उनके नाम पर नहीं थी। वह जमीन मंगल सिंह की बेटी रीता गांधी (पति मुकेश गांधी, निवासी दयालबंद) के नाम पर दर्ज पाई गई। जब उन्होंने मंगल सिंह से मिलकर बातचीत की, तो पहले उन्होंने जमीन उनके नाम पर कराने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालमटोल करने लगे। पुलिस ने डॉ. अग्रवाल की रिपोर्ट पर पिता मंगल सिंह और बेटी रीता गांधी के खिलाफ धारा 420 और 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- पिता- पुत्री के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

फर्जी अंकसूची से हास्टल में लिया प्रवेश, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। फर्जी अंकसूची के आधार पर हॉस्टल में प्रवेश लेने वाली एक छात्रा के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि बृहस्पति बाजार स्थित छात्रावास की अधीक्षिका ममता सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। वर्ष 2025 में एक छात्रा ने फर्जी अंकसूची के आधार पर हॉस्टल में प्रवेश लिया था। सहायक आयुक्त द्वारा की गई जांच के दौरान यह पाया गया कि छात्रा ने झूठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर छात्रावास में प्रवेश प्राप्त किया था। छात्रा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया था। पुलिस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर छात्रा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

मारपीट: 10 दिन बाद लिखी एफआईआर

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। आलम यह है कि उक्त मामले में 10 दिन बीतने के बाद एफआईआर लिखी गई है। सकरी पुलिस के अनुसार गोकुलधाम घुरू निवासी विनोद मोहले पिता मोहन लाल मोहले गोखने नाला के पास वी टू मॉल में सेल्समेन का काम करता है। 5 अक्टूबर की रात 12 बजे ड्यूटी करने के बाद बाइक से घर जा रहा था। गोकुलधाम सजल किराना स्टोर के पास उसकी बाइक बंद हो गई। उसी दौरान कान्हा गोस्वामी, अभय यादव व उसके साथियों ने उससे शराब के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर सभी युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर युवकों ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान उनका 29 हजार का मोबाइल कहीं गिर गया, जो अब तक नहीं मिला है। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई थी। उक्त मामले में 10 दिन 15 अक्टूबर को विनोद मोहले की रिपोर्ट पर हमलावर युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

---

16 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित शिविर में 33 प्रशिक्षु हुए शामिल

एसईसीएल सुरक्षा प्रहरी की प्रथम बैच का प्रशिक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल में आयोजित एसईसीएल सुरक्षा प्रहरी बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का समापन समारोह गुरूवार को मानव संसाधन संस्थान, इंदिरा विहार बिलासपुर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास थे। प्रथम बैच के 33 प्रशिक्षुओं ने लगभग एक माह का बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण किया। 16 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कंपनी की नीतियों एवं नियमों, सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं, हथियार संचालन तथा शारीरिक एवं मानसिक दक्षता से जुड़े विभिन्न



पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य सुरक्षा प्रहरियों को आवश्यक कौशल, अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से सुसज्जित करना है। निदेशक (मानव संसाधन) श्री दास ने कहा, वर्दी कोई सामान्य वस्त्र नहीं, आपकी पहचान है, आपके चरित्र, अनुशासन और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने आचरण में संयम, व्यवहार में शालीनता तथा निर्णयों में विवेक बनाए रखने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि श्री दास ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मा.सं./सुरक्षा) सुवंकर परिड़ा, महाप्रबंधक (एच.आर.डी.) बी.सी. सेठी, सुरक्षा प्रमुख लेफ्टिनेंट कमांडर बी. दक्षिणामूर्ति, अधिकारी, प्रशिक्षक एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इमेज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इमेज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !



एआई इमेज

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



गुजराती परिधानों में गरबा-डांडिया की धूम

बिलासपुर। श्री गुजराती समाज की गरबा में युवा मंडल एवं महिला मंडल ने प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें माता पिता एवं उनके बच्चों ने गुजरात की पारंपरिक वेशभूषा एवं गरबा स्टेप्स कर लोगों का मन मोह लिया।

युवा मंडल मीडिया प्रभारी अंकित चौहान ने जानकारी दी कि दूसरे दिन पैरेंट चाइल्ड काम्पटीशन रखा गया। इसमें कुछ माताओं ने अपने 6 महीने नन्हें बच्चों को कृष्ण का रूप देकर और खुद यशोदा बन इस प्रतियोगिता में भाग लिया। युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु नाथवानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार हंसा बेन दामा, हिया दामा, द्वितीय पुरस्कार किरीट भाई व भव्य सवारिया, तृतीय इनाम माधुरी बेन व आन्या सोनी, सांत्वना पुरस्कार सौरभ व प्रिशा शाह, शारदा व आस्था भानुशाली को मिला। वहीं गुजराती महिला मंडल की प्रॉप डांडिया में लाल व काले रंग का ड्रेस कोड रखा गया था। प्रतियोगिता के विजेता ग्रुपों की घोषणा गुजराती महिला मंडल की अध्यक्ष हीना बेन पारेख ने की। विजेता ग्रुपों में ग्रुप 1 से भूमिकाबेन, जयश्री, कस्तूरी, सुधा बेन, ग्रुप 2 से सोनल बेन, हंसा, भाविका, धर्मिष्ठा बेन, ग्रुप 3 से जिया बेन, चार्वी, हर्ष, जय भाई शामिल रहे। युवा मंडल की जेन जी और मिलेनियम गरबा प्रतियोगिता में प्रथम 3 ग्रुप रहे। इसमें पूजा, भाविका, हेतल, शिवानी,कोमल, श्रुति, टिया, प्राची, माधुरी, हीर, निशि, केटी शामिल रही।







श्री बालाजी दुर्गा उत्सव समिति हेमू नगर।



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति दयालबंद।



नवजागृति दुर्गोत्सव समिति टिकरापारा।



श्री गजानंद दुर्गोत्सव समिति करबला।



माँ आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति।



जय मातादी दुर्गोत्सव समिति स्मार्ट रोड।

पंजाबी हिंदू महिला संस्था के डांडिया ने बिखेरी छटा



पंजाबी हिंदू महिला संस्था बिलासपुर का डांडिया महोत्सव गुरुवार को पंजाबी भवन इमलीपारा में आयोजित किया गया। इसमें महिलाएं पारंपरिक वेश में डांडिया कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर समाज की नमिता ऋषि सहित अन्य महिलाओं ने सहभागिता की।

पारंपरिक ड्रेस में महिलाओं, बच्चों ने किया रास गरबा



चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। महोत्सव में समाज के बच्चों से लेकर बड़ों ने पारंपरिक वेश में गरबा किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकुमारी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी रहीं। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों को सामाजिक गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। महोत्सव में महिला वर्ग राजस्थानी पोशाक, गुजराती थीम, नवयुवती वर्ग पंजाबी थीम एवं बालक-बालिका वर्ग गोपी-ग्वाला वेशभूषा में शामिल हुए। लाटरी कूपन भी निकाले गए। पुरस्कृत प्रतिभागी महिला वर्ग में प्रथम सुषमा गुप्ता, द्वितीय रूपाली गुप्ता, तृतीय दीप्ति गुप्ता, विशेष पुरस्कार मिथलेश गुप्ता, नवयुवती वर्ग में प्रथम श्रद्धा शाह, द्वितीय जिया गुप्ता, तृतीय पीहू गुप्ता, विशेष मौली गुप्ता, बालक वर्ग में प्रथम वत्सल्य, द्वितीय अंकुश, तृतीय अनिमेष, विशेष शिवाय गुप्ता, बालिका वर्ग में प्रथम शनवी, द्वितीय शैव्या, तृतीय अलविरा, विशेष पुरस्कार अन्वी गुप्ता को दिया गया। इसके अलावा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में महिला मंडल की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

चन्द्रपुरिहा समाज महिला मंडल के तीन दिवसीय महोत्सव का समापन

इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता, तृप्ति, उषा, सपना, किरण, शुभ्रा, वंदना, आरती, शालिनी, नेहा, सुनीता, संरक्षिका सुधा साव, सुचित्रा साव, उषा, मंजू शाह, सुमन गुप्ता, गायत्री, पूर्णिमा, प्रभा, शारदा, ललिता एवं शशि गुप्ता, भोजन व्यवस्था में चन्द्रपुरिहा बड़े समाज एवं नवयुवक समाज का सहयोग रहा।

छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में महिलाओं, युवाओं ने खेला गरबा



बिलासपुर। नवरात्रि पर्व पर सर्व यादव समाज के गरबा महोत्सव में यादव समाज की महिलाओं ने माता रानी की आराधना के साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में गरबा खेला। देवी माता की गीतों पर युवा, महिलाएं, बच्चे जमकर झूमे। तिलक नगर सामुदायिक भवन पुत्री शाला में आयोजित इस महोत्सव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल टाह, भाजपा के जिलाध्यक्ष मोहित जयसवाल, यादव समाज के प्रमुख रमेश यदु, डॉ कालीचरण यादव, धन्नू यादव, जसवंत यादव, कन्हैया यादव, राम लाल यादव ने अतिथि के रूप में रूप में देवी माता की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, रमेश यदु, प्रदीप शुक्ला, प्रदीप शर्मा, समाजसेवी प्रवीण झा, विजय केसरवानी, कृष्ण कुमार यादव, गीता यादव, दुर्गेश यदु, रामचंद्र यादव, बुधराम यादव, धनमती यादव, पुष्पा यादव, मनोरमा विजय यादव रहेंगे। समापन अवसर पर बेस्ट कपल, बेस्ट डांस ग्रुप, बच्चों का नृत्य, आकर्षक वेशभूषा एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र तथा नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

पूरे शहर को रास डांडिया के माध्यम से जोड़ने का प्रयास कर रहा भाटिया परिवारः चंदेल

रास डांडिया में दूसरे दिन भी उमड़े लोग आज उर्मिला मातोंडकर खेलेंगी डांडिया





बिलासपुर। भाटिया फ्यूल्स एवं बिल्डर द्वारा आयोजित रास डांडिया के दूसरे दिन शहर वासियों ने जमकर डांडिया खेला। माता रानी की महाआरती के साथ आज के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आज आखिरी दिन 16 अक्टूबर को रास डांडिया के मंच पर देश की जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शहर वासियों के साथ डांडिया खेलेंगी।

डांडिया के मंच से नशा मुक्ति अभियान तथा साइबर अपराध को रोकने का संदेश भी सेलिब्रिटी के द्वारा दिया जा रहा है।पुलिस प्रशासन की पहल का स्वागत किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल,सभापति विनोद सोनी, प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्रिय,पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, शहर की जाने माने चिकित्सक डॉ सुनील केडिया,डॉ मनोज राय, डॉ सौरभ लूथरा, सुनील गुप्ता, रवि भोई, पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा, अभय नारायण राय,,जवाहर सराफ ,मनोज तिवारी, नरेंद्र बोलर,संदीप शुक्ला, सतनाम खनूजा, पूजा खनूजा, दुर्गा सोनी, महेश चंद्रिका पुरे, संदीप बाजपेई, अविनाश सेठी, मनजीत अरोड़ा, स्वप्निल शुक्ला, रिंकू मित्रा, अनु पांडे सहित सभी अतिथियों ने माता रानी की पूजा अर्चना कर महा आरती की और दूसरे दिन के डांडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज काफी संख्या में महिलाओं बच्चों ने डांडिया के परिधान में प्रदर्शन किया। देर रात तक नवरात्रि पर्व पर रास डांडिया का आयोजन में पूरा शहर डांडिया खेलते नजर आया। लोग परिवार के साथ रास डांडिया में शामिल हुए। कहां पर पूजा विधानी ने भी डांडिया के आयोजन की तारीफ की, और कहां थी नवरात्रि पर्व पर इस तरह के आयोजन से आज के युवा महिलाओं को एक बड़े मंच पर एकत्र होते हैं। और हमारी सामाजिक , संस्कृति को ऐसे आयोजन से हम सबको जोडने का काम भाटिया परिवार कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने रास डांडिया के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि नवरात्रि पर्व पर रास डांडिया के माध्यम से भाटिया परिवार हम सबको याद करते हैं और मान सम्मान भी करते हैं। और इस तरह के आयोजन से हम लोगों को जोड़ने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में डांडिया करने लोगों की भीड़ देखकर ऐसा लग रहा है कि पूरा शहर यहां पर सिमट गया है। माता रानी की कृपा सब पर बनीरहे। रास डांडिया का यह आयोजन लगातार भाटिया परिवार करता रहे, यही शुभकामनाएं। आज देर रात तक महिलाएं बच्चे युवा डांडिया का आनंद लेते रहे और शहर के लोगों को आज मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर के साथ डांडिया का इंतजार है।



सभी के सहयोग से इतना बड़ा आयोजन

आयोजन समिति के प्रमुख व फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने मंच पर मौजूद अतिथियों का पुष्प कुछ तथा स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए कहां की मैदान में मौजूद डांडिया परिवार तथा अतिथियों के बिना इतना बड़ा आयोजन अधूरा है। मंच पर मौजूद अतिथियों का तथा शहर वासियों का आभार जताते हुए कहां है कि लगातार 10 सालों से शहर में एक पारिवारिक माहौल में पूरी सुरक्षा के साथ रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरा शहर यहां एकजुट होकर नवरात्रि पर्व पर डांडिया में शामिल होता है। सभी के सहयोग और आशीर्वादसे नवरात्रि में इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को हम पर भरोसा है। इसीलिए इस आयोजन में लोग काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। और आने वाले समय में भी रास डांडिया का आयोजन होता रहे। इसके लिए सभी से सहयोग की अपील की है।

प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार

राज डांडिया आयोजन समिति के द्वारा डांडिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया और नगद पुरस्कार भी दिया गया। अलग-अलग कैटेगरी में, अच्छा प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ ही उनका सम्मान किया गया। इसके अलावा बेस्ट कपल बेस्ट समूह डांस, तथा पारंपरिक आकर्षक पोशाक में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को भी आज मंच पर सम्मानित कियागया। देर रात तक रास डांडिया का आनंद शहर वासियों ने लिया। पुरस्कार पाकर महिलाएं व बच्चे काफी आनंदित हुए।

तिलकनगर के पंडाल में बांकेबिहारी के होंगे दर्शन

बिलासपुर। शहर में अनेक जगहों में अलग-अलग पंडाल में आकर्षक सजावट की गई है तिलक नगर दुर्गा उत्सव समिति के पूजा पंडाल में वृंदावन बांके बिहारी का मंदिर मंदिर बनाया गया है । यह पहला ऐसा पूजा पंडाल होगा जहां श्रद्धालु मथुरा वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर का दर्शन करसकेंगे।

पूजा पंडाल में कृष्ण लीला पर पूरी झांकी बनाई गई है, जिसमें भगवान कृष्ण के बचपन से लेकर से लेकर जीवन में जितनी भी लीलाएं हैं उसका चित्रण इस पूजा पंडाल में झांकी के माध्यम से किया गया है। कोलकाता के कारीगर बिलासपुर में पिछले 4 महीना से यहां तिलक नगर दुर्गेश समिति पूजा पंडाल मैं मूर्ति बनाने की की तैयारी कर रहे हैं। आकर्षक झांकी के साथ मंदिर के अंदर भगवान कृष्ण की लीला की झांकी तैयार की गई है। तिलक नगर दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले 27 सालों से तिलक नगर में दुर्गा पूजा की जा रही है और हर बार एक नया स्वरूप पूजा पंडाल का दिया जाता है।

विधि विधान के साथ दुर्गा माता यहां पर विराजेंगी इस बार बांके बिहारी मंदिर के इस पूजा पंडाल में अंदर में जैसा मथुरा वृंदावन में श्रद्धालु भगवान कृष्ण को विभिन्न रूपों मेंदेखते हैं वही यहां झांकी के रूप में श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगा। शाम 7:30 बजे इस्कॉन के द्वारा यहां भजन संध्या का विभाजन किया गया है और प्रतिदिन यहां पर भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 21 अक्टूबर को देवी माता का विसर्जन किया जाएगा।



कोलकाता के पंडित पूजा कर रहे

तिलक नगर दुर्गा उत्सव समिति में पिछले 27 सालों से दुर्गा माता की विधि विधान से पूजा करने वाले कोलकाता के पंडित हरधुन बनर्जी भी इस साल यहां पूजा संपन्न करेंगे। उन्होंने बताया कि समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर से 27 साल पहले शंकर नगर में पूजा पंडाल मेंउनकी मुलाकात हुई और तब से आज तक में नवरात्रि पर्व पर कोलकाता से यहां पूजा करने आतेहैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर के अनेक समिति के द्वारा पूजा पंडाल में कोलकाता के पुजारी ही यहां पूजा अर्चना करतेहैं। पंचमी से लेकर 21 तारीख तक हरधुन बनर्जी यहां रहेंगे और इन्हीं के देखरेख में पूरा पूजा पाठ होगा ठीक और विसर्जन भी होगा।

खबर संक्षेप

550 आवास पूर्ण कर गतौरा पंचायत ने बढ़ाया जिले का मान



मस्तूरी। विकासखंड की ग्राम पंचायत गतौरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 550 आवासों का निर्माण पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पंचायत की इस उल्लेखनीय सफलता के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृह व पंचायत मंत्री विजय शर्मा के हाथों ग्राम पंचायत गतौरा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से न केवल गतौरा पंचायत, बल्कि मस्तूरी विकासखंड और बिलासपुर जिले का नाम भी रोशन हुआ है। सम्मान प्राप्त होने पर ग्राम पंचायत की सरपंच मीना नरेंद्र वस्त्रकार, सचिव थानेश्वर सिंह ठाकुर, रोजगार सहायक सविता राठौर एवं आवास मित्र राघवेंद्र राठौर ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बिलासपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, मस्तूरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेआर भगत सहित विकासखंड के अधिकारियों के सहयोग के प्रति भी आभार जताया।

डीएवी वेद परसदा में में गरबा उत्सव, अभिभावकों ने उठाया लुफ्त



मस्तूरी। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा उत्सव का आयोजन दो पालियों में हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। प्रथम पाली में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ गरबा उत्सव में सहभागिता करते हुए इस आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं माता रानी की आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों की ओर से जसगीत, भजन एवं मां दुर्गा की शक्ति और महिमा को दर्शाती मनमोहक महिषासुर मर्दिनी नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भक्तिभाव से भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगीत की मधुर धुनों पर अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरी पाली में भी विद्यार्थियों ने गरबा उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं लोकनृत्य की समृद्ध विरासत से परिचित कराने के साथ-साथ सामूहिक सहभागिता, सांस्कृतिक एकता एवं आपसी सद्भाव की भावना को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय का यह आयोजन भक्ति, संस्कृति एवं उल्लास का सुंदर संगम बना।

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर दिव्या को किया गया सम्मानित

मल्हार। 'राष्ट्रीय महिला किसान दिवस' के अवसर



पर गुरुवार को देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के सभागार में छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और नारी शक्ति का परचम शान से लहराया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'नारी शक्ति से कृषि समृद्धि' के भव्य मंच पर नगर पंचायत मल्हार के 'डीजे वर्मा जैविक कृषि फार्म' की संचालक एवं प्रगतिशील महिला कृषक दिव्या देवी वर्मा को उत्कृष्ट जैविक कृषि साधना के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं महानिदेशक सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी तथा केंद्रीय कृषि मंत्रालय के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने हांथो से दिव्या देवी वर्मा को स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान का पारंपरिक अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। भारत सरकार की ओर से देश के प्रत्येक राज्य से केवल एक-एक अग्रणी व नवाचारी महिला कृषक का चयन किया गया था।

निधन

कौशिल्या बघेल

बिलासपुर। ग्राम पंचायत चक्रवाय नवागढ़ बेमेतरा



निवासी कौशिल्या बघेल का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे उत्तम सिंह बघेल की पत्नी, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर के सहायक ग्रेड 1 हेमंत कुमार बघेल की माता, सुनीता बघेल की सास, लुकेश कुमार बघेल की दादी, कामता बघेल, भानू बघेल, चंद्र प्रकाश बघेल, राजेश बघेल की भामी थीं।

शशांक गड़करी

बिलासपुर। बाबजी रेसीडेंसी, शुभम विहार निवासी



शशांक गड़करी का 15 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे शैलेश गड़करी के भाई, सागर व अपूर्वा गड़करी के पिता थे।

रामेश्वर साहू

तखतपुर। ग्राम जुनवानी निवासी रामेश्वर साहू 59 वर्ष



का 15 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जुनवानी में किया गया। वे दीनू साहू, ममता साहू, नवीन साहू के पिता एवं जलेश्वर साहू, पिल्लूराम साहू के भाई तथा गेंदराम साहू, मानू राम साहू के भतीजे थे।

रामप्रसाद पटेल

मस्तूरी। समीपस्थ ग्राम हिर्री निवासी रामप्रसाद पटेल



उर्फ परेवा 48 वर्ष का 14 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हिर्री स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अजीत पटेल ,पुत्री ईश्वरी पटेल के पिता थे।

पेंडारी में मनाया गया केंद्रीय राज्य मंत्री का जन्मोत्सव

प्रदेश को केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

केन्द्र सरकार कि समग्र योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ही मेरा ध्येय है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार के सभी संचालित विकास कार्य द्रुत गति से गतिशील हो यही मेरा प्रयास रहता है।

उक्त बातें ग्राम पेंडारी - परसदा में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में कार्यकर्ता,समर्थकों और आमजनों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को अपना बड़ा भाई राम बताते हुए कहा कि उनका सदैव स्नेह, दुलार और आशीर्वाद मिलता रहा है। पेंडारी की पावन भूमि पर जन्मदिवस मनाए जाने को अविस्मरणीय पल बताते हुए क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनपद सदस्य सभापति अरुण चौहान, पेंडारी सरपंच लक्ष्मी खांडे एवं परसदा सरपंच जगतराम साहू और उपसरपंच सुनील यादव की मांग पर परसदा में 20 लाख रुपये का सामुदायिक भवन एवं पेंडारी में 10 लाख रुपये के सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पंच से केंद्रीय राज्य मंत्री तक तोखन साहू का सफर उनकी लोकप्रियता, राजनीतिक सुचिता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर यादव एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने किया। इस अवसर पर जिसमें बीजेपी जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जयसवाल ,उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, अश्वनी शर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विशाल सिंह, सौरभ पाण्डेय, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विक्रम सिंह, राकेश छाबड़ा ,सभापति अरुण सिंह चौहान, जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव, रंजना तुलसी कौशिक, ऋषभ कश्यप, जया जलेश्वर साहू, रानी रवि सोनी, सावित्री बलराम श्रीवास, अनिल टांडे, परमेश्वर पटेल, सुभाष गढ़ेवाल, मनहरण कौशिक, रामकुमार सिंगरौल, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी ,मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, विनोद यादव, नैन लाल साहू ,दिनेश साहू, रामकुमार निर्मलकर सरपंच जगत साहू, लक्ष्मी खांडे, मुंजन साहू, बलराम पटेल ,किरण वस्त्रकार, राजेश कौशिक, लक्ष्मी खांडे, रोहित साहू , रामचरण वस्त्रकार, जागेश्वर यादव, त्रिभुवन यादव, कैलाश वस्त्रकार, सूरज मिश्रा, अनिल पप्पू शर्मा, जितेन्द्र सूर्यवंशी, अजीत पांडेय, गेंदलाल साहू, दया सिंह, कृष्णकुमार मुन्ना साहू, शिप्रा सैमुएल, अमर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, राजकमल साहू, कामता कुलमित्र, सुनील साहू, घनश्याम कौशिक, विजय यादव, मोहन जायसवाल, रामेश्वर साहू, मोहन पाटले, अश्वनी साहू, शैलेन्द्र कौशिक सहित बड़ी संख्या में जिला एवं प्रदेश के कार्यकर्ता मौजूद थे।



जन्मदिन पर मिठाई से तौले गए तोखन साहू।



लोरमी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के जन्मदिन पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, धनी राम यादव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, विश्वास दूबे, गुरमीत सलूजा, घनेन्द्र राजपूत, संतोष साहू। फौजी, सुशील यादव, उत्तम साहू आदि उपस्थित थे।



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में बधाई देते भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।



तोखन साहू को जन्मदिन की बधाई देते समाज सेवी सौरभ पाण्डेय एवं पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक



क्षेत्र की जनता ने मुझे अमिट प्यार दिया, जीवन भर ऋणी रहूंगा

तखतपुर। क्षेत्र की जनता ने जो मुझे अमिट प्यार दिया है, उसके लिए मैं जीवन भर ऋणी रहूंगा। जनता के सहयोग के साथ क्षेत्र को विकास के मुख्यधारा से जोड़ना मेरा संकल्प है। बिलासपुर लोकसभा के प्रति देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी स्नेह है, जिन्होंने मुझे मंत्री बनाकर आप लोगों की सेवा में भेजा है। मैं आप सभी को पूरा विश्वास दिलाता हूं कि मेरे जीवन का हर पल आपकी सेवा में गुजरेगा। ऐसी कामना मैं जगत-जननी दूर्गा माता से करता हूं। उक्त बातें केंद्रीय राज्यमंत्री व बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने गुरुवार कोटा और विनायक प्लाजा के सामने आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कही।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश के नेतृत्व में स्वागत- केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद तोखन साहू के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार 15 अक्टूबर को क्षेत्र में जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। सर्वप्रथम तखतपुर विधानसभा में विनायक प्लाजा के पास किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

जपं अध्यक्ष माधवी के नेतृत्व में स्वागत- केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का कोटा मोड़ के पास आतिशबाजी एवं फूल माला के साथ जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार के नेतृत्व में शानदार स्वागत किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार,उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सभापति रंजना तुलसी कौशिक, श्याम सिंह ध्रुव, मनहरण लाल कौशिक, जया जलेश्वर साहू, सावित्री बलराम श्रीवास, रवि सोनी, अनिल टांडे, रामकुमार सिंगरोल, सुभास गढ़ेवाल, मंडल अध्यक्ष, रामकुमार निर्मलकर, दिनेश साहू, नयन लाल साहू, रामचरण वस्त्राकर, अजय यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, सरपंच लक्ष्मी खंडे, करण वस्त्राकर, मनोज तिवारी, तिलक वर्मा, भीष्म कश्यप, राधिका कौशिक, राजकमल साहू, योगेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



जन्मदिन की बधाई देते दिनेश राजपूत।



गजमाला पहनाकर शुभकामना देते समर्थक।

कुकदा में स्वास्थ्य शिविर, 4 हजार ग्रामीणों ने उठाया लाभ

खम्हरिया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कुकदा के शासकीय हाईस्कूल परिसर में छत्तीसगढ़ नव प्रगति मंच और श्याम वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद स्वास्थ्य, रक्तदान एवं यातायात जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में 4 हजार से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की टीम द्वारा सिकल सेल, टीबी, शुगर व बीपी की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व वय वंदन कार्ड बनाए गए। साथ ही, परिवहन विभाग के सहयोग से 30 युवाओं के ड्राइविंग लाइसेंस और सड़क सुरक्षा के तहत 20 हेलमेट वितरित किए गए, तथा युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम की अगुवाई श्यामू कैवर्त और महेंद्र पाटनवार ने की जिसमें वीरेंद्र पाटनवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अर्जुन वस्त्रकार द्वारा लगातार चुनौतियों का सामना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जनचेतना का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर जनपद सदस्य अजय पांडेय (कुकदा), जनपद सदस्य देवेश शर्मा (खम्हरिया) और पूर्व सभापति नूर मोहम्मद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय शिक्षक नरेंद्र लहरे, मितानिन समन्वयक हीरालाल यादव, प्राचार्य सावित्री यादव, संकुल प्रभारी बसंत जायसवाल, दीपक पाटनवार, धर्मेंद्र पांडेय तथा प्रधान पाठकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्कूली बच्चों एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास मेरी प्राथमिकता: अटल

नवागांव, मोहदा में ग्राम गौरवपथ का भूमिपूजन



बिलासपुर। कोटा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवागांव मोहदा में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने ग्राम गौरवपथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री श्रीवास्तव की मांग पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 54 लाख रुपये की लागत से ग्राम गौरवपथ निर्माण की स्वीकृति दी गई। सड़क के निर्माण से लंबे समय से आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

ग्राम नवागांव मोहदा में सड़क की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में सड़क पर कीचड़ भर जाने से पैदल चलना और वाहनों से आना-जाना मुश्किल हो जाता था। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों को इस समस्या के कारण काफी दिक्कतें उठानी पड़ती थीं। ग्राम गौरवपथ निर्माण की स्वीकृति से ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान का रास्ता साफ हुआ है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद गांव में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को कीचड़ एवं खराब रास्ते की समस्या से राहत मिलेगी। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों में अच्छी सड़कें होने से आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलती है और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में आसानी होती है। भूमिपूजन कार्यक्रम में सुभाष अग्रवाल शीतल जायसवाल अश्वनी विष्णु सिदार मिथलेश मानिकपुरी संतोष साहू महावीर साहू यासीन खान जितेन्द्र साहू गोवर्धन आमों शैलेन्द्र सिंह रेखा साहू ईश्वर जायसवाल कृष्णा कश्यप परमानंद जायसवाल लाला कैवर्त पावक सिंह बाबूजी साहू सहित ग्राम के पंच जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने 108 लोगों को कराया भोजन



बिलासपुर। नवरात्रि पर लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने महामाया के दर्शन के पश्चात महामाया ट्रस्ट में 108 लोगों के भोजन के लिए अनुदान राशि देकर निःशुल्क भोजन कराया। वसुंधरा परिवार की ओर से रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, अध्यक्ष संजना मिश्रा सचिव मंजू मिश्रा कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप, सावित्री जायसवाल मंजू तिवारी मंजुला शिंदे, डा अंबुज पांडे, उषा मुदलियार, सुधा परिहार, चांदनी सक्सेना किरण बाजपेई, हंसा सेलारका सभी के सहयोग से भोजन वितरण किया गया। अपनी सेवा भावनाओं को दर्शाते हुए अध्यक्ष संजना मिश्रा ने 11 गरीब जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां एवं चुनरी भेंट स्वरूप दी। मंदिर प्रांगण में 10 आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया।

टैगोर इंटरनेशनल स्कूल,सकरी,बिलासपुर

क्रं .47/स्कूल/बिलासपुर दिनांक :- 15/10/2026

आवश्यकता विज्ञापन

टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, सकरी, बिलासपुर में निम्नलिखित पदो पर नियुक्ति हेतु दिनांक 14/11/2026 तक योग्य उम्मीदवारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :-

1.	PGT(Maths)	01
2.	PGT(English)	01
3.	PGT(Economics)	01

नोट :-1 योग्यता व अनुभव CBSE के नियमानुसार होगा।
2 .अपना बायोडाटा ईमेल hr .tagoreschoolbsp@gmail .com में प्रेषित कर सकते है।
पता- सकरी ओवर ब्रिज के पास,सकरी,बिलासपुर(छ.ग.) मो.नं.- 9691928177, 8840417543

बीईओ ने किया क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण 4 माह से गायब शिक्षक को नोटिस

पथरिया। विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने बीईओ प्रतिभा मंडलोई द्वारा क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को बीईओ ने ग्राम रापाझोरी, जुनवानी के शलाओ का निरीक्षण किया, जिसमें जानकारी मिली कि, प्राथमिक शाला रापाझोरी में पदस्थ सहायक शिक्षक रवि शर्मा सत्र के शुरुआत जून से ही शाला नहीं आ रहे हैं। वहां ग्रामीणों ने बताया कि, इस वर्ष उक्त शिक्षक शाला नहीं आया है, इसे गम्भीरता से लेते हुए बीईओ मंडलोई ने सहायक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही उन्होंने जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर निलंबन का प्रस्ताव भेजने की बात कही है। विद्यालय में बच्चों से संवाद कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसी तरह ग्राम जुनवानी के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल का निरीक्षण हुआ, जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिका नियमित उपस्थित पाए गए। शाला का अभिलेख भी



अद्यतन पाया गया। यहां विद्यार्थियों से मिलकर उनके शैक्षिक स्थिति की जानकारी लेते हुए बीईओ मंडलोई ने कहा कि, शासकीय शालाओं के बच्चों का आईक्यू उन्नत होता है। शाला के शिक्षक उन्हें अनुशासन के साथ बेहतर शिक्षा देने में दक्ष होते हैं, यही कारण है कि कम संसधानों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे मेघावी होते है, और कई प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रवीण सूची में अपना नाम दर्ज करा लेते हैं। निरीक्षण दौरान एबीईओ रविपाल राठौर, प्रधान पठिका ममता ठाकुर, सीता साहू एवं अन्य मौजूद थे।

आम सूचना

मेरे मुवक्किल श्री नवीन कुमार साहू पुत्र श्री गया प्रसाद साहू निवासी राम नगर सरकंडा थाना के सामने, जाति तेली उम्र 37 वर्ष ने रज्जन भोई पिता श्री मंगलू राम के स्वामित्व व हक की भूमि ग्राम हरदीडीह पटवारी हल्का क्रमांक 27, रा.नि.मं. मोपका तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर वि.खं. बिल्हा ग्राम हरदीडीह में स्थित खसरा नं. 174/17 कुलक्षेत्र 0.2430 हेक्टेयर में से 30 डिसमिल भूमि खरीदने का पक्का सौदा किया जा चुका है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है। दक्षिण में सड़क पूर्व में पंचराम की भूमि उत्तर में दुखीराम की भूमि एवं पश्चिम में शीतल साहू की भूमि है इसका पंजीयन शीघ्र किया जाना है। इस बाबत् किसी व्यक्ति संस्था शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपित्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। तथा उसके पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
अमित सिंह चौहान
अधिवक्ता, बी -9 प्रगति विहार
बहतराई रोड, बिलासपुर
मो.- 9039789039, 9827104647

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
कमांक/क/तह. / वा ./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/10/2026

मौजा मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा मोपका प.ह.नं.29 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 993/2/क/46 रकबा 0.0140 हे. भूमि का आवेदिका सुप्रभा नायक पति स्व.दुर्गादास नायक वगैरह निवासी पंचवटी कालोनी शनि मंदिर के पीछे राजकिशोर नगर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 30.10.2026 को सुबह 11 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 06.10.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

सार्वजनिक सूचना -
मूल विलेख खोने बाबत

सूचित किया जाता है कि श्रीमती नागेश नंदिनी सिंह पति स्व.गजेन्द्र कुमार सिंह, निवासी नेहरू नगर, बिलासपुर मौजा मोपका स्थित खसरा नं.993/2 /श/3, रकबा 2123 वर्गफीट भूमि की स्वामिनी हैं. जिसे उन्होंने श्री टी.एस. ध्रुवे से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14/03/2016, दस्तावेज क्र. 4668 द्वारा क्रय किया है और इसे पंजाब नैशनल बैंक शाखा सदर बाजार बिलासपुर में बंधक रखना है।

उक्त भूमि का लिंक चेन का मूल विलेख दिनांक 29/03/1999, दस्तावेज क्र. 8727 जो श्री टी.एस. ध्रुवे के पक्ष में था, गुम हो गया है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति पर कोई दावा/भार हो या उक्त मूल विलेख दिनांक 29/03/1999 उसके कब्जे में हो, तो 07 दिवस के भीतर शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सदर बाजार बिलासपुर को सूचित करें, अन्यथा बैंक प्रमाणित प्रति पर बंधक मान्य करेगा।

दिनांक : 15/10/2026
बिलासपुर

भवदीय
शाखा प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक
शाखा सदर बाजार बिलासपुर

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला- मुंगेली, छ0ग0

श्रीमती कैलाश बाई .....आवेदिका/वादिनी
विरूद्ध
आम जनता वगैरह.....प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-148अ/2026
पेशी दिनांक-27.11.2026
प्रो.क्रमांक- 735/26

नोटिस/ईश्तहार

आवेदिका/वादिनी श्रीमती कैलाश बाई के द्वारा नाम की उद्घोषणा किये जाने बाबत माननीय न्यायालय के समक्ष वादपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक-27.11.2026 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक-27.11.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-27.11.2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक- 07/10/26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

मुंगेली,
दिनांक-07/10/26

(कु. नारायणी कच्छप)
व्यव.न्या.क.श्रेणी.के प्र.अ.न्या. मुंगेली,
जिला- मुंगेली छ.ग.

खबर संक्षेप

दूजेलाल राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित



मुंगेली। पीएमश्री बी.आर. साव उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्र दूजेलाल ने 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। तीरंदाजी रिकर्व के सीनियर वर्ग 19 वर्ष में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए दुजेलाल का चयन राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से विद्यालय, जिला एवं संभाग में हर्ष का माहौल है। यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।

अभ्यर्थियों की सूची जारी दावा आपत्ति 21 तक

मुंगेली। जिले के पीएमश्री बीआर साव विद्यालय में अंशकालिक स्पेशल एजुकेटर की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। इसी तरह जिले में संचालित 8 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक योग, खेल शिक्षक-प्रशिक्षक एवं संगीत प्रशिक्षक के पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों से सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 21 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है। सूची सहित अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

प्रत्येक गुरुवार को होगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र व नवीनीकरण का कार्य

मुंगेली। जिले के दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला मेडिकल बोर्ड के आयोजन दिवस में परिवर्तन किया गया है। अब दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने एवं पुराने प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण का कार्य शुक्रवार के स्थान पर प्रत्येक गुरुवार को जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता ने बताया कि पूर्व में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को किया जाता था। दिव्यांगजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इसमें आंशिक परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक गुरुवार को जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड आयोजित होगा।

किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 तक

मुंगेली। दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है। इस योजना के तहत खरीफ एवं रबी मौसम की चयनित दलहनी और तिलहनी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। खरीफ मौसम के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत खरीफ सीजन में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। वहीं, रबी सीजन में चना, मसूर एवं सरसों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। इस पहल का उद्देश्य दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों को उनकी उपज के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उपलब्ध कराना है। योजना का लाभ लेने के लिए दलहन एवं तिलहन उत्पादक किसानों का प्राथमिक सेवा सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन होना आवश्यक है। पंजीयन प्रक्रिया एवं योजना से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी अथवा प्राथमिक सेवा सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं।

सेमरताल से लोफन्दी तक भव्य स्वागत, गतौरी में जेसीबी से पुष्पवर्षा

ध्वजा यात्रा: महामाया की भक्ति में सराबोर बेलतरा विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महामाया के प्रति अटूट आस्था, सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जा रही शारदीय नवरात्रि ध्वजा यात्रा के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सेमरताल से प्रारंभ हुई यात्रा का विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने आत्मीय स्वागत किया। कहीं पुष्पवर्षा हुई, कहीं माता की मनमोहक झांकी निकाली गई, तो कहीं पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ ध्वजा अर्पित कर माँ महामाया के प्रति अपनी आस्था प्रकट की गई। पूरे मार्ग में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

पांचवें दिन की ध्वजा यात्रा का शुभारंभ सेमरताल से हुआ। सरपंच धनेत्तर सूर्यवंशी के नेतृत्व में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों की सहभागिता और मातृशक्ति की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। माँ महामाया के जयकारों के बीच यात्रा आगे बढ़ी और भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। सेमरताल से आगे बढ़कर ध्वजा यात्रा गतौरी पहुंची, जहां सरपंच नंदू मरकाम, दिनेश सिंह ठाकुर, राजा ठाकुर सहित ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी के माध्यम से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। फूलों की वर्षा, माता के जयकारों और ग्रामीणों के उत्साह ने पूरे माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

रमतला में युवाओं ने सुशांत को लड्डूओं से तौलकर किया अभिनंदन



छठवें दिन रानीगांव पहुंचेगी यात्रा

ध्वजा यात्रा के छठवें दिन लोफन्दी से यात्रा प्रारंभ होकर लक्ष्मनपुर, पेंडरवा और गोंदइया होते हुए रानीगांव पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। यात्रा को लेकर ग्राम-ग्राम में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह बना हुआ है और जगह-जगह माँ महामाया के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। विधायक श्री शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जा रही यह ध्वजा यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के संरक्षण, ग्राम्य परंपराओं के सम्मान, सामाजिक समरसता और जन-जन को आस्था के सूत्र में जोड़ने का प्रेरणादायी माध्यम बन रही है। गांव-गांव में मिल रहा जनसमर्थन, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और श्रद्धालुओं का उत्साह महामाया के प्रति लोगों की गहरी और अटूट श्रद्धा को दर्शाता है।

जैतखाम पर अर्पित की श्वेत ध्वजा

यात्रा के दौरान भदोरियाखार में संत गुरु घासीदास बाबा के जैतखाम पर श्रद्धापूर्वक श्वेत ध्वजा (पालो) अर्पित की गई। यह पावन अवसर आस्था, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का प्रतीक बना। धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान और सद्भाव का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ सहभागिता निभाई। रमतला में युवाओं ने विधायक सुशांत शुक्ला को लड्डुओं से तौलकर किया स्वागत, बच्चों एवं महिलाओं ने माता की विशेष झांकी निकाली। ध्वजा यात्रा का रमतला पहुंचने पर विशेष उत्साह के साथ स्वागत किया गया। यहां युवाओं ने विधायक श्री शुक्ला को लड्डुओं से तौलकर आत्मीय अभिनंदन किया। इसी दौरान बच्चों एवं महिलाओं द्वारा माता रानी की विशेष झांकी भी निकाली गई। आकर्षक धार्मिक प्रस्तुति, श्रद्धालुओं की सहभागिता और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सेंदरी में माता सेंदुरा को ध्वजा अर्पित

रमतला से आगे बढ़कर यात्रा सेंदरी पहुंची, जहाँ माता सेंदुरा को श्रद्धापूर्वक ध्वजा अर्पित की गई। इसके साथ ही ग्राम में स्थित पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के जैतखाम पर श्वेत ध्वजा (पालो) अर्पित की गई। इन पावन धार्मिक आयोजनों के माध्यम से आस्था, परंपरा और सामाजिक सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुँचा। इसके बाद यात्रा कछार होते हुए लोफन्दी पहुंची। पाचवें दिन की यात्रा का समापन लोफन्दी में रात्रि विश्राम के साथ हुआ। रात्रि में लोकगायक चंदन यादव की टीम द्वारा माता के जगराते की शानदार प्रस्तुति दी गई। माता के भक्ति गीतों और मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर रखा। पूरा वातावरण माँ महामाया की आराधना और जयकारों से गूँज उठा। दिनभर की धार्मिक यात्रा के बाद जगराते ने श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति को नई ऊर्जा प्रदान की।



धरमलाल ने किए बम्लेश्वरी के दर्शन

की प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/डोंगरगढ़

शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने डोंगरगढ़ स्थित माता बम्लेश्वरी के दर्शन एवं विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री कौशिक ने माता रानी के दरबार में मत्था टेका और समस्त क्षेत्रवासियों तथा प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

श्री कौशिक ने कहा कि आज शारदीय नवरात्रि के पंचम दिवस पर बम्लेश्वरी के पावन धाम में दर्शन और पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पावन धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। माता के दरबार में आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है। श्री कौशिक ने माँ बम्लेश्वरी से प्रार्थना की है कि उनकी कृपा से सभी के जीवन में शांति और समृद्धि का वास हो, और उनके आशीर्वाद से हर मुश्किल आसान हो जाए। छत्तीसगढ़ की धरती सदैव धन-धान्य से परिपूर्ण रहे, किसानों की फसल अच्छी हो, युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे।" उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है। माँ दुर्गा के नौ स्वरूप हमें नारी शक्ति के सम्मान और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देते हैं। इस अवसर पर हमें समाज में एकता, सद्भाव और सेवा भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने श्री कौशिक का स्वागत किया। दर्शन के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनसे भेंट की।

देवी दरबारों में आस्था का सैलाब, ज्योतिकलश से जगमगाए मंदिर

उच्चभट्ठी के मां शिवशक्ति दाई मंदिर में 694 ज्योतिकलश प्रज्वलित

नंगोई मंदिर में ज्योत-जंवारा दर्शन के लिए दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु



सीपत। नवरात्र पर्व पर क्षेत्र में इन दिनों भक्ति और आस्था की अनूठी छटा बिखरी हुई है। देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी हुई है। मां दुर्गा की आराधना, मंदिरों में प्रज्वलित ज्योतिकलशों की रोशनी और पूजा पंडालों में गूंजते जसगीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु परिवार सहित देवी दरबार पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं और माता से सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं परिवार की मंगलकामना कर रहे हैं। नवरात्र के चलते क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम उच्चभट्ठी स्थित मां शिवशक्ति दाई मंदिर में नवरात्र के अवसर पर विशेष धार्मिक माहौल बना हुआ है। मंदिर में कुल 694 ज्योतिकलश प्रज्वलित किए गए हैं, जिनमें 676 तेल और 18 घी के ज्योतिकलश शामिल हैं। ज्योतिकलशों की जगमगाती लौ के बीच माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। नवरात्र के दौरान यहां का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और श्रद्धालुओं में माता के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। ग्राम नंगोई स्थित महामाया मंदिर में भी नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां ज्योत-जंवारा के दर्शन के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माता के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट कर रहे हैं। मंदिरों में दर्शन पूजन का सिलसिला लगातार जारी है। नवरात्र पर्व लोगों को धार्मिक आस्था से जोड़ने के साथ ही क्षेत्र की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत कर रहा है। सीपत क्षेत्र के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में जसगीत, भजन कीर्तन और माता की आराधना का दौर चल रहा है। भक्तिमय गीतों और जयकारों से वातावरण गूंजायमान है। श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन होकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों के चलते धार्मिक स्थलों पर रौनक बढ़ गई है। सुबह से शाम तक देवी दरबारों में आस्था का दृश्य दिखाई दे रहा है। पूरे क्षेत्र में नवरात्र पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल है।

देवी भजनों के साथ भक्ति रस में झूमे श्रद्धालु

मुंगेली। नवरात्रि पर मां भगवती की आराधना और भक्ति के रंग में नगर सराबोर नजर आया। मां भारती सेवा समिति के तत्वावधान में दाऊपारा मैदान में आयोजित जगराता में सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

देवी गीतों की मधुर धुनों और माता रानी के जयकारों से पूरा आयोजन स्थल देर रात तक गूंजता रहा। जगराता में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने सहभागिता कर मां भगवती के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए भक्ति और उत्साह में डूबे नजर आए। जगराता गायक अनुराग शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में मां भगवती के एक से बढ़कर एक देवी गीत और भजनों की प्रस्तुति दी। उनकी गायकी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। जैसे-जैसे भजनों का सिलसिला आगे बढ़ता गया, श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। माता रानी के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा और भक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य आकाश सोनी, आशीष चक्रधारी, सौरभ वाजपेयी, राकेश साहू, दिलीप देवांगन, निमेष देवांगन, शोभित, गजेंद्र साहू, रोशन सोनी, रामकुमार साहू, राजा तम्बोली, डॉ. सुमित तिवारी, अप्पू शर्मा, राहुल पाठक, आशुतोष मिश्रा, रामदीन साहू, आशीष जायसवाल, कोमल देवांगन, विशाल साहू, शोभित साहू एवं अमन तिवारी सहित अन्य बड़ी संख्या में सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग एवं सहभागिता निभाई।



प्रस्तुति देते कलाकार।

महमंद में देवी जगराता, भक्तिमय हुआ क्षेत्र



मस्तूरी। ग्राम पंचायत महमंद लाल खदान में एकता दुर्गा उत्सव समिति की ओर से आयोजित भव्य देवी जगराता कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। माता रानी के जयकारों और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। प्रसिद्ध भजन गायक चंदन यादव एवं उनकी टीम ने अपनी सुमधुर आवाज में एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं देवी-देवताओं की आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपरा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। इस आयोजन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, रवि बरगाह सरपंच प्रतिनिधि विक्की निर्मलकर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, लव कुमार सूर्यवंशी, राजेश वैद्य, अमित निर्मलकर, तिलक साहू, माधव साहू, राजेश, राकेश सूर्यवंशी, राजा निषाद, सितेन्द्र माकरे, इंद्रजीत महतो, राम टंडन, कुलदीप रजक, जितेंद्र, बजरंग, प्रहलाद निर्मलकर, सचिन, दुर्गेश, शैलेश, अर्जुन, जगमोहन, महेंद्र, सुखनंदन सूर्यवंशी, धरमलाल सूर्यवंशी एवं दुर्गा सहित ग्राम पंचायत महमंद के पंचगण, जनप्रतिनिधि, नागरिक, माताएं-बहनें, युवा साथी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डीएवी गोढ़ी में श्रद्धा, संस्कृति के साथ मना नवरात्र उत्सव



बिल्हा डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में नवरात्रि पर श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यार्थियों ने नवदुर्गा की मनमोहक झांकी के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का परिचय दिया। रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन कर विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और मर्यादा का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक गरबा नृत्य के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि नवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, साधना, नारी सम्मान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। संपूर्ण कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण, सांस्कृतिक विविधता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मंच संचालन शिक्षक आशीष सोनी ने किया।

नवरात्रि में हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही, फिर भी नगर में अव्यवस्था

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़कें और गंदगी से बेहाल नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक एवं पर्यटन नगरी रतनपुर की मौजूदा नगर पालिका व्यवस्था विकास के तमाम दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। महामाया की पावन नगरी में शारदीय नवरात्रि का पर्व चल रहा है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन और आरती के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन नगर की बदहाल व्यवस्था देखकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। महीनों से बंद स्ट्रीट लाइट, धूल उड़ाती जर्जर सड़कें, जगह-जगह गड्ढे, कचरे का अंबार और बजबजाती नालियां नगर के विकास की जमीनी हकीकत बयां कर रहीं हैं। स्थिति यह है कि, मां महामाया का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय निवासी भी परेशानियों का सामना करने को विवश हैं।

नवरात्रि के दौरान मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर नगर की व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए थी, लेकिन महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें अब तक चालू नहीं हो सकी हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर मुख्य नपा अधिकारी और अध्यक्ष से कई बार निवेदन किया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।



वार्डों में कचरे का अंबार

नगर के कई वार्डों में कचरा जमा होने और नालियों की सफाई नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। गंदगी और दुर्गंध से रहवासियों को परेशानी हो रही है। स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखना नगर पालिका की बुनियादी जिम्मेदारी है, लेकिन जब नागरिकों को ही अपने आसपास की गंदगी से जूझना पड़े, तो स्वच्छता के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस बात को लेकर नगरवासियों में नाराजगी है।

आश्वासन नहीं, काम चाहिए

धार्मिक नगरी रतनपुर की बदहाली अब केवल नगरवासियों की परेशानी नहीं, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल है। नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर जब श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है, तब व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। अब नगरवासियों की मांग है कि नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंद स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराएं।

महामाया चौक से बाइपास तक धूल ही धूल

महामाया चौक से महामाया बाईपास तक सड़क की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर उड़ती धूल से लोगों का बुरा हाल है। माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु मंदिर पहुंचने से पहले ही धूल से परेशान हो रहे हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में भी सड़कें गड्ढों से भरी पड़ी हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि, नगर की प्रमुख सड़क और मंदिर मार्ग की यह स्थिति है, तो दूसरे वार्डों का हाल कैसा होगा।

रोशनी से जगमगा रहा मल्हार का प्रवेश द्वार



मल्हार। नवरात्र पर जनप्रतिनिधियों ने मिलकर धर्म नगरी मल्हार के प्रवेश द्वार की विद्युत सजावट कराई है जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही है। पहली बार हुए इतनी आकर्षक व सुंदर नजारे को देखने बड़ी संख्या में लोग आ रहे है और सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बना रहे है। नगर पंचायत परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद व एल्डरमैन सहित जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाकर सबसे पहले नगर की स्ट्रीट लाइट का सुधार कराया जिससे बस स्टैंड से मंदिर तक व गली मोहल्लो में लाइट की रौशनी से नहा उठा है और जल्द ही वर्षों से खराब पड़े हाई मास्ट लाइट भी शुरू होंगे।

खबर संक्षेप

म्यूल बैंक खाताधारक गिरफ्तार

बिलासपुर। साइबर ठगी के मामलों की जांच के बाद पुलिस ने म्यूल बैंक खाते के एक धारक को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि उसके बैंक खाते में साइबर ठगी की रकम जमा हुई थी और बाद में यूपीआई तथा एटीएम के माध्यम से निकाली गई थी। मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह के अनुसार, पुलिस मुख्यालय रायपुर से मिली सूचना के आधार पर म्यूल बैंक खाते के धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच में पता चला कि बलौदाबाजार जिले के परसाडीह निवासी बलवान धृतलहरे पिता शत्रुहन धृतलहरे के बैंक खाते के संबंध में पांच साइबर शिकायतें दर्ज थीं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट की जांच की तो खाते में साइबर ठगी की रकम जमा होने और यूपीआई तथा एटीएम के माध्यम से उसे निकाले जाने की जानकारी मिली।

युवक पर चाकू से हमला अस्पताल में भर्ती

बिलासपुर। रास्ता रोककर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी बाजार चौक निवासी राजा बंजारे पिता देवकुमार बंजारे 10 अक्टूबर को ड्यूटी समाप्त होने के बाद रात करीब 12:45 बजे घर जा रहे थे। इसी दौरान घुरू के महादेव नगर के पास प्रेम नामक युवक ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। राजा ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।

मां अम्बे होटल परिसर में चल रहा था अवैध आधार कार्ड सेंटर

फर्जी तरीके से बनाया जा रहा था आधार संचालकों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

पुराना बसस्टैंड का मामला



आधार कार्ड सेंटर में लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचोबीच फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने का भांड़ाफोड़ किया गया है, आधार संचालकों ने पहले फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले आपरेटर को रंगेहाथ पकड़ा और इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में पुलिस ने संदिग्ध आपरेटर से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। आधार संचालकों ने पुलिस को लिखित तौर पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

पुराना बसस्टैंड में सालों से फर्जी तरीके से आधार पंजीयन और अपडेट किया जा रहा था। पुराना सबस्टैंड स्थित मां अम्बे होटल परिसर में बनी दुकान में हफ्ते में तीन दिन आपरेटर द्वारा आधार बनाया जा रहा था, संदिग्ध आपरेटर द्वारा अन्य आपरेटर के अंगूठे का क्लोन बनाकर आधार बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि जिस आधार आईडी से आधार बनाया जा रहा था, वह भाठापारा जिले के आपरेटर भावेश तलवानी के नाम पर दर्ज है, वहीं फर्जी आधार सेंटर में उसका चाचा रवि तलवानी अनाधिकृत तौर पर लोगों का आधार पंजीयन और अपडेट कर रहा था, इसकी भनक शहर के कुछ आधार सेंटर संचालकों को लगी, जिसके बाद मामले का भंड़ाफोड़ हो गया है। शुरूआत में आपरेटर रवि तलवानी संचालकों को गोलमोल जवाब देकर झांसा देने की कोशिश करता रहा लेकिन पुलिस के आते ही उसकी हेकड़ी निकल गई। फिलहाल आधार संचालकों ने उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जांच की जा रही

आधार संचालकों की शिकायत थी, पुलिस टीम भेजकर एक आपरेटर को थाना में बुलाया गया है। उससे पूछताछ जारी है। चिप्स के अधिकारियों से इसकी जानकारी ली जा रही है।

-देवेश सिंह राठौर,
टीआई, कोतवाली थाना

अवैध गतिविधियों में हो सकती है संलिप्तता

दरअसल आधार कार्ड बनाने के लिए वैध इनरोलमेंट एजेंसी का होना अनिवार्य है, इसके साथ ही आधार आपरेटर को संबंधित आईडी के जिलों में रहकर ही पंजीयन और अपडेटशन किया जाना है, ऐसे में भाठापारा के आपरेटर द्वारा शहर में बैठकर आधार गतिविधियों को अंजाम देना संदिग्ध है। साथ ही आपरेटर द्वारा फर्जी तरीके से अंगूठा लगाया जा रहा था, जो कि आधार आपरेटर के नकली थंब इंप्रेशन बनाकर बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन को बायपास करना दंडनीय अपराध है। इसके तहत भारती कानून और यूआईडीएआई के कड़े नियमों के तहत जुर्माना और जेल की सजा हो सकती है। शहर में जिस तरह से हाल के दिनों में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मिले है उससे मामला संदिग्द होता जा रहा है।

वन विभाग ने जब्त की लाखों की लकड़ी

बिलासपुर। वन विभाग की टीम ने बिलासपुर वन मंडल के एक गांव में दबिश देकर लाखों रुपए की लकड़ी जब्त की है। आरोपी के हास्पिटल में भर्ती होने के कारण विभाग की ओर से लकड़ी जब्त करने के बाद जुर्माने की तैयारी की जा रही है। गुरुवार को बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज कुमार पाण्डेय और बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बांधा के एक घर में लाखों रुपए का सागौन और दूसरी प्रजाति की लकड़ी रखी हुई है, जिसे उक्त व्यक्ति लोरमी के जंगल से काटकर लाता है। पिछले कुछ दिनों से लगातार सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी टीआर मरई के निर्देश पर वन मंडल उड़नदस्ता प्रभारी वन क्षेत्रपाल रितू साहू, वनपाल सहायक प्रभारी उड़नदस्ता लोकमणि त्रिपाठी, शिव कुमार नाग वन क्षेत्रपाल, संगीता तिर्की, हेमलता पात्रे, जॉन कनेडी, अजय मिश्रा, कविता भारद्वाज, पार्वती तिग्गा, ऐम नागमणि, अमर वर्मा ने ग्राम बांधा निवासी खम्हन सोनवानी उर्फ बलीराम के घर और बाड़ी में दबिश दी। वारंटी के हास्पिटल में भर्ती होने के कारण उसके पुत्र राजेश सोनवानी को वारंट तामिल कराई गई। तलाशी के दौरान सागौन और चिरान की लकड़ी जब्त की गई, जिसकी कीमत लाखों में है। विभाग की ओर से लकड़ी जब्त करने के बाद भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत कार्रवाई करने के बाद लकड़ी को विक्रय डिपो कोटा भेज दिया गया है। वहीं जब्त लकड़ी की नापजोख करने के बाद मूल्य की गणना की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

जेल गई महिला बंदी की इलाज के दौरान मौत

बिलासपुर। छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के मामले में चार दिन पहले केंद्रीय जेल भेजी गई महिला बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, तोरवा पुलिस ने 10 अक्टूबर को छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के मामले में तोरवा के सतबहनियां मंदिर क्षेत्र निवासी नीसा ध्रुव (31) और उनके पति गोपी ध्रुव को गिरफ्तार किया था। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद दोनों को केंद्रीय जेल भेज दिया गया था।

बताया जा रहा है कि 14 अक्टूबर को नीसा ध्रुव की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया गया। 15 अक्टूबर को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

केंद्रीय जेल में बंदियों की मौत की घटनाओं को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। पूर्व में जेल के भीतर एक कैदी की हत्या हुई थी। इसके अलावा एक कैदी ने जेल की भट्ठी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। अब महिला बंदी की मौत के बाद एक बार फिर जेल की सुरक्षा और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

इलाज के दौरान महिला बंदी की मौत हुई है। उसे जेल से उपचार के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 15 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

- किशोर केंवट, टीआई, सिविल लाइन

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

पेंट्रीकार में गंदगी सहित 27 मामले, रेलवे ने लगाया जुर्माना

बिलासपुर। रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने स्टेशन में आने-जाने वाले ट्रेनों के पेंट्रीकार की जांच की, जिसमें गंदगी सहित अन्य मामलों के 27 प्रकरण बनाकर नोटिस देने के बाद विभाग ने पेंट्रीकार संचालकों पर जुर्माना भी किया है।

रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के साथ एसईसीआर जोन एवं बिलासपुर, रायपुर व नागपुर डिवीजन को ट्रेनों के पेंट्रीकार की जांच करने का सख्त आदेश दिया है। इस आदेश के तहत मुख्य रूप से साफ-सफाई, बेस किचन से चढ़ने वाले भोजन, नाश्ते के अलावा कर्मचारियों के सारे दस्तावेज को चेक किया जाना है। इस आदेश के बाद बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनों की औचक जांच बिलासपुर मंडल के कामर्शियल विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह की टीम ने की। इस दौरान पेंट्रीकार कर्मचारियों की लापरवाही पकड़ी गई। अधिकांश कर्मचारियों ने यूनिफार्म नहीं पहना था और कई ने दस्ताना और टोपी भी नहीं लगाया था। मेडिकल सर्टिफिकेट के अलावा कई कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं मिले। इसपर विभाग की ओर से 27 से अधिक कर्मचारियों पर बिना टिकिट का अपराध दर्ज कर उनके खिलाफ जुर्माना किया गया। बिलासपुर आने वाली ट्रेनों में मुख्य रूप से 12252 कोरबा से यशवंतपुर के बीच चलने वाली ट्रेन में सात केस, 22358 गया से मुम्बई एलटीटी के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पेंट्रीकार संचालकों के खिलाफ 6 केस, 12102 शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में दो केस, 12810 हावड़ा से सीएसएमटी के बीच चलने वाली मेल में आठ केस और 20828 संतरागाछी से जबलपुर के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस में 4 केस बनाकर जुर्माना किया गया। अचानक कामर्शियल विभाग की टीम को देखकर पेंट्रीकार मैनेजर और कर्मचारी हड़बड़ा गए।

- बिलासपुर आने-जाने वाली ट्रेनों में कामर्शियल विभाग की जांच





खबर संक्षेप

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत सायकल यात्रा



लोरमी। ग्राम देवरहट के विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वाधान में बाल, तरुण, युवा स्वयंसेवकों की ओर से सायकल यात्रा के माध्यम से पर्यावरण को लेकर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया। यात्रा में 20 सायकल यात्री शामिल रहे, जिन्होंने यात्रा के दौरान 101 बीज लिफाफा वितरण किया। देवरहट से प्रारंभ होकर मोहतरा कुर्मी, कुम्भरौली, तेलियापुराण, सेमरसल श्री मुनिबाबा आश्रम में दर्शन कर, बटहा होते हुए भूतहीडीह पौराणिक श्री सिद्ध बाबा मंदिर आश्रम तक लगभग 17 किलोमीटर की यात्रा की गई। यात्रा के दौरान सभी गांवों में रुक कर प्रबोधन चर्चा परिचर्चा भेंट और बीज लिफाफा में बंद शमी और सफेद चंदन का बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर के सह विभाग कार्यवाहक राजकुमार कश्यप ने सभी के अनुभूति भ्रमण को यादगार बनाते हुए पांच तत्व एवं पर्यावरणीय और योग मय, स्वस्थ जीवन जीने, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की मूलमंत्र दिया। उसके पश्चात सभी ने अल्पाहार विश्राम किए फिर तुरवारी, पठारी कापा, बंगला होते हुए वापसी किए। इस अवसर पर ताम्रध्वज कश्यप, शिक्षक हरीश बंछोर, टिकेश्वर साहू, राकेश कुम्भकार, विजय गुप्ता , समर निषाद,आदित्य साहू, अनुराग साहू, शनि साहू, रामप्रसाद साहू, रूपेश श्रीवास, सूरज कश्यप, सिद्धार्थ यादव, महावीर कश्यप, सोनू साहू, अथर्व गुप्ता, वीरेंद्र कश्यप, प्रिंस साहू सहित अधिक संख्या में लोगों का सहभागिता हुआ।

भाजपा की बैठक में संगठन की मजबूती सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा



सरगांव। भारतीय जनता पार्टी मंडल सरगांव की मासिक संगठनात्मक बैठक 14 अक्टूबर को कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका सशक्त करने तथा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों की समीक्षा सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अभ्यागत के रूप में बिल्हा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर तथा मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री रिंकू सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही। बैठक में "आत्मनिर्भर मंडल, सशक्त शक्ति केंद्र एवं मजबूत बूथ" के संकल्प को साकार करने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, शक्ति केंद्रों को सक्रिय बनाने तथा बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सेवा गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव ने संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में परमानन्द साहू गेंद सिंह कौशिक घनश्याम राजपूत रणजीत सिंह मंडल महामंत्री पंकज वर्मा एवं नंदनी साहू पूर्णिमा ध्रुव जमुना पांडे सविता कौशिक सुनीता साहू शबाना जबीन लक्ष्मीन साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने पर जोर

मुंगेली। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आम नागरिकों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रें में सुधार, यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पाट के सुधार, सड़क सुरक्षा संबंधी निरीक्षण प्रतिवेदनों तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर गंभीरता से कार्य करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों की यात्र अधिक सुरक्षित बनाई जा सके। बैठक में परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और सजगता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने तथा बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने जैसे नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। परिवहन विभाग को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ नागरिकों की जागरूकता और यातायात नियमों का पालन भी महत्वपूर्ण है। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों का नियमित आयोजन करने तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी चर्चा की गई। पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा के साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े लंबित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव एवं अंजोर सिंह पैकरा, मुंगेली एसडीएम मायानंद चंद्रा, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विरोध करने पर फसल नहीं खरीदने की दी जाती है धमकी

मूंगफली उत्पादकों से सूखत के नाम पर वसूले जा रहे प्रति क्विंटल 500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कृषि उपज मंडी परिसर में मूंगफली उत्पादक किसानों से प्रति क्विंटल 500 रुपए से अधिक की राशि सूखत एवं तौल के नाम से वसूली की जा रही है।

- जनप्रतिनिधियों ने की अवैध वसूली पर कार्रवाई की मांग

किसानों के मना करने पर या विरोध दर्ज कराने पर व्यापारियों द्वारा उपज न खरीदने की धमकियां दी जाती हैं। जिसके कारण किसान अपनी उपज को पुनः वापस न ले जाने के चलते चुपचाप इस शोषण को सहने पर मजबूर हैं। जनप्रतिनिधियों ने मंडी परिसर में किए जा रहे अवैध वसूली बंद करने की मांग की है।

कृषि उपज मंडी परिसर में इन दिनों अपनी गाढ़ी कमाई लेकर पहुंच रहे अन्नदाताओं के साथ सरेआम छल किया जा रहा है। हाड़-तोड़ मेहनत के बाद जब किसान अपनी मूंगफली की उपज को बाजार में सही दाम और सम्मान पाने की उम्मीद से ला रहे हैं, तो उन्हें मंडी के भीतर एक नए प्रकार के शोषण का सामना करना पड़ रहा है।



मंडी में मूंगफली की बंपर आवक के बीच किसानों को न तो उनकी फसल का उचित और बाजिब दाम मिल पा रहा है और न ही पारदर्शी तौल व्यवस्था नसीब हो रही है। व्यापारियों और बिचौलियों के सिंडिकेट ने मंडी परिसर को किसान-विरोधी नियमों का अड्डा बना दिया है, जिससे दूर-दराज के गांवों से पहुंचे किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

तौलाई का वसूल रहे 10 रुपए

मंडी के भीतर प्रचलित नियमों और प्रशासनिक दावों को दरकिनार करते हुए किसानों से तौलाई के नाम पर भी अतिरिक्त पैसों की खुली वसूली की जा रही है। जबकि नियमानुसार तौलाई का खर्च मंडी समिति या क्रेता के दायरे में आता है, फिर भी असहाय किसानों से ही प्रति बोरी या प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त रकम वसूल की जा रही है। प्रति बोरी की तौलाई 10 रुपए किसानो से ली जाती है। जबकि कृषि उपज मंडी में 2 दर्जन से अधिक तौल मशीनें है। मना करने पर या विरोध दर्ज कराने पर व्यापारियों द्वारा उपज न खरीदने की धमकियां दी जाती हैं, जिसके कारण दूर-दराज क्षेत्र से अपनी उपज को वापस ले जाने में असमर्थ किसान चुपचाप इस शोषण को सहने पर मजबूर हैं। मंडी प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की इस पूरे मामले पर रहस्यमयी चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

बेखबर हैं अधिकारी

परिसर में लगे धर्मकांटों और इलेक्ट्रॉनिक तराजू के रखरखाव तथा पारदर्शिता की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, वे मंडी में खुलकर हो रही इस मनमानी से बेखबर बने हुए हैं। इस संबंध में कृषि उपज मंडी सचिव से संपर्क करने पर किसानों से प्रति बोरे दो किलो काटे जाने एवं तौल के लिए अतिरिक्त राशि लिए जाने पर अनभिज्ञता प्रकट की। स्थानीय किसान एवं जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुखत और बोरे के नाम पर हो रही अवैध तौल कटौती को तुरंत बंद नहीं कराया गया और दोषियों पर कार्यवाही नही की गई तो इसका कड़ा विरोध करेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस संगठित धांधली पर कब तक संज्ञान लेता है और किसानों को न्याय दिला पाता है।

मिली है शिकायत

कृषि उपज मंडी में किसानों से प्रति बारदाने 2 किलो अतिरिक्त मूंगफली लिए जाने की शिकायत मिली है। इस पर जांच कराई जाएगी।

-वीणा ठाकुर
भार साधक कृषि उपज मंडी, मुंगेली

उपमुख्यमंत्री साव से मिले व्यापारी, सौंपा ज्ञापन



लोरमी। नगर के भीतर मुख्य मार्ग की वर्तमान ऊंचाई यथावत रखने तथा पुराने मकानों एवं दुकानों को नुकसान पहुंचाए बिना सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण की मांग को लेक मुख्य मार्ग के व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

- मुख्य मार्ग की ऊंचाई यथावत रखने की मांग

व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि, सड़क के दोनों ओर लगभग 50 से 100 वर्ष पुराने मकान एवं दुकानें स्थित हैं। समय-समय पर सड़क का मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण होने के कारण सड़क का स्तर लगातार ऊंचा होता गया है। वर्तमान में कई स्थानों पर सड़क दुकानों के फर्श के स्तर तक पहुंच चुकी हैं। ऐसे में यदि आगामी निर्माण कार्य के दौरान सड़क एवं नालियों की ऊंचाई फिर से बढ़ाई जाती है, तो पुराने मकानों एवं दुकानों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के साथ व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। व्यापारियों ने नगर के भीतर सड़क की वर्तमान ऊंचाई यथावत रखते हुए निर्माण कार्य करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मनीष त्रिपाठी, घन्सू केशरवानी, मुरारी गोयल, बिज्जू गोयल, रामकुमार केशरवानी, नत्थू केशरवानी, जतिन सलूजा, अश्वनी अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, सुरेश शर्मा, अशोक छाबड़ा, मुरारी अग्रवाल, खेतमल खत्री, महेंद्र खत्री, अनूप जायसवाल, अशोक जायसवाल, आकाश जायसवाल, मोनू जायसवाल, प्रशांत शर्मा, सौरभ दुबे, राजेंद्र तिवारी, गोपाल अग्रवाल, भूषण साहू, नरेंद्र अग्रवाल मिंटू छबड़ा सहित मुख्य मार्ग के व्यापारी शामिल रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की ओर से गुरुवार को मरवाही में शांतिपूर्ण तरीके से सिवनी चौक से एसडीएम कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया एवं राज्यपाल के नाम तहसीलदार अविनाश कुजूर को सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष गजपति भानु एवं ब्लॉक अध्यक्ष दया वाकरे ने जानकारी देते हुए बताया है कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने विशेष गहन परीक्षण, तथा निर्वाचन आयोग की कार्य प्रणाली से संबंधित विभिन्न निर्णय पर गंभीर आरोप एवं प्रश्न उठाए गए हैं। इन विषयों के निष्पक्ष जांच एवं स्वतंत्र समीक्षा लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति



जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से तत्काल हटाया जाए, उनके विरुद्ध लगाए गए निर्वाचन संबंधीय आरोपो की निष्पक्ष स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच हो, उनके कार्यकाल में लिए गए प्रमुख निर्वाचन संबंधी निर्णय तथा मतदाता सूची में किए गए परिवर्तनों की स्वतंत्रता एवं व्यापक समीक्षा कराई जाए एवं एसआईआर प्रक्रिया मतदाताओं के नाम जोड़ने हटाने तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली संबंधित विवादों मामलों की पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक कदम उठाए जाएं। रैली में गजमती भानु, दया वाकरे, कमाल खान, वीरेंद्र बघेल, विनय शर्मा, नारायण शर्मा, हरीश राय, अजय राय, नारायण श्रीवास, बेचू अहीरेश, ममता पावले,परवीन शेख,रेखा तिवारी, कृष्णा पटेल, शैलेंद्र यादव, सुमित्रा साहू,तारा मार्को, मालती वाकरे,गिरजा रानी, चंद्रभान मराबी एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किशोर की यादों के साथ सजी स्वरांजलि महफिल

पेण्ड्रा। स्वरांजलि जीपीएम संगीत एवं कला मंच ने हिंदी सिनेमा जगत के महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर 13 अक्टूबर को पं. माधव राव सप्रे जिला प्रेस क्लब भवन, पेण्ड्रा के सभागार में "किशोर की यादें" कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गायकों ने किशोर के लोकप्रिय कालजयी गीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में स्वरांजलि समिति के साथ ही जीपीएम टेलेंट हंट फाउंडेशन पेण्ड्रा और रियल म्यूजिक लवर्स गौरेला के सदस्यों की सुरीली आवाज ने वातावरण को सुरमय बना दिया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल महान गायकों को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि नई पीढ़ी को संगीत के प्रति संवेदनशील और प्रेरित करने का माध्यम भी हैं। कार्यक्रम का संचालन अवनीश पाण्डेय एवं अजय चौधरी ने किया। कार्यक्रम में स्वरांजलि समिति के जिलाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, सचिव विनय सूर्यवानी, कोषाध्यक्ष आदित्य पांडे, नगर पालिका पेण्ड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, समाजसेवी पवन सुल्तानिया, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र पैकरा, रामनिवास तिवारी, विवेक जायसवाल, शरद अग्रवाल, पंकज तिवारी, संजय जैन, अंबिका शर्मा, डॉ. योगेश तिवारी, नीतू जैन, शिवानी सूर्यवानी, कंचन सिंह, रिंकी जायसवाल, रजिया खान, रचना त्यागी, मनीष श्रीवास, विकास जायसवाल, अरुण तिवारी, विक्रांत सिंह,



आरके सिंह, अजीत दुबे, कमलेश गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, बलराम जोशी, पवन गोयनका, कुंजबिहारी तिवारी, ऋषि मिश्रा, महेश शिवदासानी, चंदू वाधवानी, विनोद वैश्य, अश्वनी जैन, रज्जन केशरी, रम्मू थदलानी, मोनू पटेल इत्यादि उपस्थित थे।

इन्होंने दी प्रस्तुति : मास्टर श्रेयांश कुशवाहा, श्रीकांत चतुर्वेदी, प्रशांत कुशवाहा, अखिलेश नामदेव, विनय सूर्यवानी, सत्य नारायण जायसवाल, अमित शर्मा, संजय राजपूत, शनि श्रीवास्तव, रमेश प्रधान, अभिजीत पाठक, पंकज जैन, प्रिया बर्मन, चित्ररेखा, प्रदीप वैष्णव, विकास त्यागी, मदन सोनी, पीयूष गुप्ता, प्रमोद शर्मा, आशुतोष तिवारी, संजय विश्वकर्मा, अवनीश पांडे, प्रतीक गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक व आकांक्षा, शैल गुप्ता, जगतराम चौहान, संतोष कुमार एवं किरण कश्यप ने लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति दी ।

स्टार्स ऑफ टुमॉरो सोसायटी को सीएम साय ने किया सम्मानित



मुंगेली। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुंगेली की सामाजिक संस्था स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी को रायपुर में आयोजित जेन नेस्ट संवाद कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के करकमलों से संस्था को यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रदेश भर में 15 विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के बीच स्टार्स ऑफ टुमॉरो का भी चयन किया गया है। इस सोसायटी द्वारा वर्ष 2016 में शुरू किया गया 'हरियर मुंगेली सुघ्घर मुंगेली' अभियान आज मुंगेली में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की पहचान बन चुका है। संस्था ने पिछले दस वर्षों में आठ हजार से अधिक पौधों का रोपण किया है। इनमें से अनेक पौधे आज बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण को स्वच्छ एवं हराभरा बनाने में योगदान दे रहे हैं। संस्था ने अपने अभियान में केवल पौधे लगाने तक सीमित रहने के बजाय उनके संरक्षण को प्राथमिकता दी है। 'क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी' की सोच के साथ पौधों को ट्री गार्ड एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का प्रयास किया जाता है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने 70 छात्राओं ने भरा प्रारूप-6



तखतपुर। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगे आईं छात्राएं, 70 ने भरा प्रारूप-6, लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और भावी मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने पहल की है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विद्यालय की 70 पात्र छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रारूप-6 भरवाया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया से परिचित कराने के साथ उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। विद्यालय की इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होते हैं।प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जागरूक नागरिकों में निहित है। मतदान केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

अधिकारी-कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



मुंगेली। नगरीय निकाय कर्मचारी मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले तूता नवा रायपुर में एक दिवसीय 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन हुआ। धरना प्रदर्शन में पूरे प्रदेश से आए निकाय कर्मचारियों ने शासन के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए अपने मांगों को लेकर हुंकार भरा। प्रदेश अध्यध राजेश सोनी ने प्रेस को बताया कि पूरे प्रदेश में निकाय कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब है। कर्मचारियों को विगत 3-4 माह से वेतन नहीं मिला है। वर्तमान में त्यौहारों का समय चल रहा है, घरों में बच्चों और बुजुर्गों का मौसमी बीमारी से स्वास्थ्य खराब है जिनके उचित उपचार के लिए तरस रहे है। समय में बैंकों का लोन किस्त नहीं जमा नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों में शासन के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश है। जिसका परिणाम आने वाले समय में सरकार को देखना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सर्व सहमति से संघ का निर्णय हुआ है कि महीने के पहली तारीख को वेतन भुगतान और कर्मचारियों के पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट में संघ के तरफ से याचिका लगाया जाएंगा।

धान खरीदी प्रभारियों एवं ऑपरेटरों की बैठक लेकर दिए गए दिशा–निर्देश

मुंगेली। खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई तेज कर दी है। अपर कलेक्टर जी.एल. यादव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में धान खरीदी प्रभारियों एवं ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने, किसानों का पंजीयन पूर्ण कराने तथा खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 8 नवीन धान उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। इससे जिले में पहले से संचालित 105 धान उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़कर अब 113 हो जाएगी। नवीन केंद्र प्रारंभ होने से संबंधित क्षेत्रें के किसानों को धान विक्रय के लिए सुविधा मिलेगी तथा



खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन से शेष रह गए किसानों का पंजीयन 25 अक्टूबर तक शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने धान खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने केंद्रों से संबंधित किसानों की पंजीयन स्थिति की समीक्षा करें तथा पात्र किसानों का पंजीयन निर्धारित समय–सीमा में सुनिश्चित करें। इसके साथ ही ऋण लेने वाले किसानों के ऋण संबंधी विवरण की पोर्टल पर शत–प्रतिशत प्रविष्टि पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। नवीन धान खरीदी केंद्रों में स्थल एवं कर्मचारियों का चयन समय पर पूरा करने तथा सभी केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए सभी उपार्जन केंद्रों में कंप्यूटर, इंटरनेट, इलेक्ट्रानिक कांटा–बांट, नमी मापक यंत्र तथा विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही केंद्रों में फड़ की साफ–सफाई सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले पूरी करने को कहा गया। बैठक में निर्धारित तिथि पर सभी केंद्रों में ट्रायल धान खरीदी अनिवार्य रूप से कराने तथा नमी मापक यंत्रें का कैलिब्रेशन एवं कांटा–बांट का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

श्रीराम दशहरा समिति की बैठक में पर्व की तैयारियों पर चर्चा

मुंगेली। शहर के दाऊपारा में विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीराम दशहरा समिति द्वारा इस वर्ष भी रेस्ट हाउस ग्राउंड में विशाल रावण दहन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। विशाल रावण, आकर्षक सजावट और भव्य आतिशबाजी इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहते हैं।

आगामी दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के उद्देश्य से वरुण सुजुकी शोरूम में श्रीराम दशहरा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों और आयोजन को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक आकर्षक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशाल रावण के निर्माण, भव्य आतिशबाजी, आकर्षक सजावट और बड़े मंच की व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर भीड़ को व्यवस्थित रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। समिति की बैठक में इस वर्ष आतिशबाजी को और अधिक आकर्षक, भव्य और नए अंदाज में प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन को यादगार बनाने के लिए पिछले वर्ष से भी बेहतर व्यवस्था करने और दर्शकों को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई।